संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक-183 शनिवार,06 मई 2023,पृष्ठ - 8+4 मूल्य 2 रूपये

# शरद पवार ने बदला अपना फैसला

## बने रहेंगे एनसीपी अध्यक्ष; बोले- पार्टी के लिए करता रहूंगा काम



**मुंबई , 05 मई 2023 (ए)।** राजनीति के पितामह कहे जाने वाले शरद पवार ने शुक्रवार को यूटर्न मारते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख के पद से दिया गया अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। उन्होंने कहा कि मैं अपना फैसला वापस ले रहा हूं।

### पवार ने वापस लिया अपना इस्तीफा

बकौल एजेंसी, शरद पवार ने एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से अपना इस्तीफा वापस लिया। उन्होंने कहा कि मैं आपकी भावनाओं का अपमान नहीं कर सकता। मैं इस्तीफा वापस लेने की आपकी मांग का सम्मान कर रहा हूं। मैं एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से इस्तीफे का अपना फैसला वापस लेता हूं।

### कार्यकर्ताओं में जश्न माहौल

शरद पवार द्वारा अपना फैसला बदलने के बाद कार्यकर्ताओं के बीच खुशी की लहर दौड़ पड़ी। मुंबई में पार्टी कार्यकर्ताओं ने वाईबी चव्हाण केंद्र के बाहर जश्न मनाया। इससे पहले एनसीपी का नया अध्यक्ष चुनने के लिए गठित समिति ने एक प्रस्ताव पारित कर पार्टी अध्यक्ष का पद छोड़ने के शरद पवार के फैसले को खारिज कर दिया था।

### चाचा पवार के साथ नहीं दिखे अजीत

शरद पवार की सभा में उनके भतीजे अजीत पवार मौजूद नहीं थे। इसको लेकर एनसीपी प्रमुख ने कहा कि एक सभा में हर कोई मौजूद नहीं हो सकता। कुछ लोग यहां हैं और कुछ नहीं, लेकिन आज सुबह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने सर्वसम्मति से फैसला लिया और मुझे इससे अवगत कराया। उस फैसले के जरिए सभी ने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।
एनसीपी नेता जयंत पाटिल ने बताया कि देशभर के नेताओं ने शरद पवार से इस्तीफा वापस लेने का अनुरोध किया था। उन्होंने आगे कहा कि इस्तीफा वापस लेने का अनुरोध करने वालों में अजीत पवार शामिल थे। पार्टी कार्यालय में निर्णय लिया गया। सभा के बारे में सभी को नहीं बताया गया था, मुझे भी अभी पता चला था। मैं थोड़ी देरी से पहुंचा हूं।

# अमित शाह ने रद्द किया कर्नाटक का चुनावी दौरा



**नई दिल्ली,05 मई 2023 (ए)।** मणिपुर में हुई हिंसा के बाद बने हालातों पर नजर बनाए रखने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज के अपने कर्नाटक के चुनावी दौरे को रद्द कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, कर्नाटक में चुनाव प्रचार के लिए गृह मंत्री अमित शाह को शुक्रवार को कर्नाटक के दौरे पर जाना था जहां उनके कई चुनावी कार्यक्रम पहले से ही तय थे। शाह को कर्नाटक में आज दो रोड शो और एक बैठक करनी थी लेकिन मणिपुर के हालात पर नजर बनाए रखने के लिए उन्होंने कर्नाटक जाने का कार्यक्रम रद्द कर दिया है।

# मणिपुर में सेना का फ्लैग मार्च

**» अतिरिक्त सैनिकों को असम से एयरलिफ्ट किया गया**



**इंफाल ,05 मई 2023 (ए)।** मणिपुर में व्यापक अशांति को देखते हुए केंद्र सरकार ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए शुक्रवार को राज्य में अनुच्छेद 355 लागू कर दिया, शीर्ष पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अनुच्छेद 355 संविधान में निहित आपातकालीन प्रावधानों का एक हिस्सा है जो केंद्र को आंतरिक गड़बड़ी और बाहरी आक्रमण के खिलाफ राज्य की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने का अधिकार देता है। मणिपुर पुलिस के महानिदेशक पी. डौंगेल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि समग्र स्थिति की समीक्षा करने के बाद, पूरे राज्य में अनुच्छेद 355 लागू किया गया है, जिससे केंद्र को स्थिति को नियंत्रण में लाने और लोगों के जान-माल की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने की अनुमति मिल गई है।
पुलिस प्रमुख ने कहा कि कुछ बदमाशों ने बिष्णुपुर जिले के एक थाने से हथियार लूट लिए और उन्होंने उनसे हथियार और गोला-बारूद वापस करने का आग्रह किया, जिसमें विफल रहने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू की जाएगी। डीजीपी ने कहा, मणिपुर में स्थिति एक या दो दिन में नियंत्रण में आने की उम्मीद है। सेना और असम राइफल्स ने शुक्रवार को तीसरे दिन भी मणिपुर के कई अशांत जिलों में फ्लैग मार्च करना जारी रखा

# बिलावल के सामने ही जयशंकर ने पाक को धोया



**» राजौरी में सेना के पांच जवान बलिदान**

**नई दिल्ली,05 मई 2023 (ए)।** सीमा पार आतंकवाद के मुद्दे पर अपने चिरपरिचित अंदाज में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को घेरा है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में जयशंकर ने कहा, आतंकवाद एक बड़ा खतरा बना हुआ है और सीमा पार आतंकवाद समेत किसी भी तरह के आतंकवाद को जायज नहीं ठहराया जा सकता। वहीं, जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के कंडी इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में पांच जवान बलिदान हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए कहा कि सेना को राजौरी सेक्टर के कंडी जंगल में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में जानकारी मिली थी।
कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए पीएम मोदी का धुआंधार प्रचार जारी है। पीएम मोदी ने शुक्रवार को कर्नाटक के बेल्लारी में एक जनसभा को संबोधित किया।

### जयशंकर ने बिलावल भुट्टो के सामने आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को घेरा

सीमा पार आतंकवाद के मुद्दे पर अपने चिरपरिचित अंदाज में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को घेरा है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में जयशंकर ने कहा, आतंकवाद एक बड़ा खतरा बना हुआ है और सीमा पार आतंकवाद समेत किसी भी तरह के आतंकवाद को जायज नहीं ठहराया जा सकता। मालूम हो कि जयशंकर की अध्यक्षता में ही यह बैठक हो रही थी, जब वह परोक्ष तौर पर पाकिस्तान पर निशाना लगा रहे थे। उस समय पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भी सामने ही बैठे थे। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के कंडी इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में पांच जवान बलिदान हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए कहा कि सेना को राजौरी सेक्टर के कंडी जंगल में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में जानकारी मिली थी। विशेष सूचना पर एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। तलाशी के दौरान आतंकियों को सुरक्षाबलों ने घेर लिया और मुठभेड़ शुरू हो गई थी। अभी सेना का अभियान जारी है।

# मन की बात कार्यक्रम सुनने नहीं पहुंचे बच्चे तो स्कूल ने मांगा 100 रूपए फाइन

**देहरादून ,05 मई 2023 (ए)।** रविवार को मन की बात कार्यक्रम के लिए स्कूल नहीं पहुंचने वाले बच्चों को 100 रुपये फाइन लाने या फिर मेडिकल प्रमाणपत्र जमा कराने का आदेश जारी किया है। स्कूल प्रबंधन द्वारा इस संबंध में स्कूल के व्हाट्सऐप ग्रुप में आदेश जारी किए गए हैं। देहरादून के जीआरडी निरंजनपुर एकेडमी पर पीएम मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम सुनने स्कूल नहीं पहुंचे छात्रों से 100 रुपये फाइन वसूलने का आरोप लगा है। इस संबंध में नेशनल एसोसिएशन फॉर पैरेंट्स एंड स्टूडेंट्स राइट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरिफ खान ने मुख्य शिक्षा अधिकारी देहरादून को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है।

# कांग्रेस को अब जय बजरंग बली बोलने पर भी आपत्ति

**» मोदीबोले-तुष्टिकरण की गुलाम हो चुकी है पार्टी**



**बैंगलोर ,05 मई 2023 (ए)।** कर्नाटक में विधानसभा चुनाव को लेकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की धुंआधार रैलियां चल रही हैं। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को तुमकुरु में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर प्रहार किया।

### तुष्टिकरण की गुलाम हो चुकी कांग्रेस

उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अब जय बजरंगबली बोलने पर भी आपत्ति होने लगी है। कांग्रेस तुष्टिकरण की गुलाम हो चुकी है। कांग्रेस अपनी वोट बैंक पॉलिटिक्स की गुलाम हो चुकी है। ऐसी कांग्रेस कर्नाटक का कभी भी भला नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक की जनता कांग्रेस और जेडीएस के खेल को समझ चुकी है। जेडीएस को दिया गया एक वोट कर्नाटक को एक कमजोर और अस्थिर सरकार देगा और एक कमजोर सरकार कभी भी एक मजबूत कर्नाटक का निर्माण नहीं कर सकती है।
प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कर्नाटक के जन-जन के आशीर्वाद से डबल इंजन सरकार प्रचंड बहुमत से वापस आना निश्चित हो गया है। सर्वे वाले देखेंगे तो पता चल जाएगा कि विजय किसकी तय है। जीत किसकी होने वाली है, ये दृश्य दिखाई दे रहा है।

# मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा अगर कर्नाटक में कांग्रेस हारती है तो दोष लेने को तैयार

**» चुनाव से पहले खड़गे का बड़ा बयान**



**बैंगलोर ,05 मई 2023 (ए)।** कर्नाटक में विधानसभा चुनाव होने में अब पांच दिन से भी कम समय बचा है। ऐसे में सभी राजनीतिक पार्टियों ने प्रचार-प्रसार तेज कर दी है। नेताओं के बीच जुबानी जंग भी जारी है। लेकिन इस बीच कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक ऐसा बयान दिया है जिसने सियासत गरमा दी है। दरअल, मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि यदि कांग्रेस कर्नाटक चुनाव हारती है तो वह इसका दोष लेने के लिए तैयार हैं।

### हमें जीत की पूरी उम्मीदः खड़गे

बता दें कि कांग्रेस कर्नाटक विधानसभा चुनावों में बड़ी जीत की उम्मीद कर रही है क्योंकि वह 2014 के लोकसभा चुनावों में हार के बाद से अपने फिसलते चुनावी प्रदर्शन में सुधार के लिए तरस रही है। लेकिन इस बार, मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि त्रिशंकु विधानसभा नहीं होगी क्योंकि कांग्रेस स्पष्ट बहुमत हासिल करेगी। कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि हमारे पास स्पष्ट बहुमत होगा और हम एक स्थिर सरकार बनाएंगे। मल्लिकार्जुन खड़गे, जिन्हें हाल ही में एक चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना जहरीले सांप से करने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा था, ने कहा कि कांग्रेस भाजपा को हराने के लिए प्रतिबद्ध है।

### चुनाव जीतने के लिए इच्छाशक्ति और प्रतिबद्धता होनी चाहिएः खड़गे

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए इच्छाशक्ति और प्रतिबद्धता होनी चाहिए। मैं रोज चार मीटिंग करता हूं। कभी-कभी मुझे शाम की सभा में भाग लेने के लिए 100 किलोमीटर की यात्रा करनी पड़ती है। हमने भाजपा को हराने का संकल्प लिया है, इसलिए हमें सब कुछ सहना होगा। कर्नाटक में 10 मई को मतदान और 13 मई को नतीजे आएंगे।

### कर्नाटक में चुनाव कब ?

कर्नाटक विधानसभा चुनाव में 10 मई को वोटिंग करवाई जाएगी। इसके बाद 13 मई को वोटों की गिनती होगी। कर्नाटक में 58282 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। ऐसे में लग रहा था कि चुनाव दो चरणों में होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। चुनाव आयोग ने सभी सीटों पर एक साथ मतदान करवाने का फैसला लिया है। इसके लिए आयोग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। साथ ही सुरक्षा इंतजाम भी किए जा रहे। चुनाव आयोग ने साफ किया कि उनकी कोशिश रहेगी कि शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न हों। इसके लिए जरूरी इंतजाम कर लिए गए हैं।



# पटना एयरपोर्ट पर बांग्लादेश की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**» सभी 77 यात्री सेफ; काठमांडू जा रहा था विमान**

**पटना ,05 मई 2023 (ए)।** बांग्लादेश के एक विमान की शुक्रवार को पटना एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। बताया जा रहा है कि फ्लाइट 371 बांग्लादेश के ढाका से नेपाल के काठमांडू जा रही थी। तभी तकनीकी खराबी होने के चलते फ्लाइट पटना एयरपोर्ट पर लैंड हुई। फ्लाइट में करीब 77 यात्री मौजूद थे। वहीं, तकनीकी जांच जारी है। दरअसल, एयर ट्रैफिक कंट्रोल को जैसे ही सूचना मिली कि बांग्लादेश की फ्लाइट नंबर 371 में तकनीकी खराबी आई है। फौरन नजदीकी पटना एयरपोर्ट पर लैडिंग की इजाजत दे दी। उसके बाद फ्लाइट को लैंड कराया गया। प्लेन में सभी यात्री मौजूद थे।वहीं, फ्लाइट की कड़ी सुरक्षा में लैंडिग कराई गई। मौके पर सीआईएसएसएफ के जवान मौके पर माजूद रहे। सभी 77 यात्री सुरक्षित हैं। मीडिया रिपोटस के मुताबिक, फ्लाइट में सभी यात्री अंदर ही बैंठे हैं, तकनीकी टीम फ्लाइट में आई खरीबी दुरुस्त करने में लगी है। यात्रियों का फ्लाइट में ही ध्यान रखा जा रहा है। तकनीकी खराबी दूर होते ही बांग्लादेश की फ्लाइट यात्रियों को लेकर टेकऑफ करेगी।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव को किया तलब




**नई दिल्ली ,05 मई 2023 (ए)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने ड्यूकेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी और हंटर सिंड्रोम जैसी दुर्लभ बीमारियों से पीड़ित बच्चों के इलाज से संबंधित कई याचिकाओं पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव को तलब किया है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह की पीठ ने कहा कि केंद्रीय मंत्रालय इलाज के लिए और धन आवंटित करने के अदालती आदेशों का पालन करने से लगातार इनकार करता रहा है। हाईकोर्ट उन याचिकाओं पर विचार कर रहा है, जिनमें मरीजों का बेहद महंगा इलाज बिना शुल्क के मुहैया कराने की मांग की गई है।
अदालत ने कहा कि 23 मार्च 2021 और 30 जनवरी 2023 के आदेशों में यह देखा गया है कि दुर्लभ बीमारियों के लिए बड़ी मात्रा में धनराशि आवंटित की गई थी। हालांकि, बजट लैप्स हो गया और राशि जारी नहीं की गई।
न्यायमूर्ति सिंह ने आगे कहा कि यदि इलाज के लिए और धन उपलब्ध नहीं कराया गया तो अदालत एक चरम स्थिति में होगी, जहां लगभग 40 बच्चों के शारीरिक और मानसिक नुकसान एवं स्वास्थ्य की स्थिति बिगड़ने की संभावना है।
आगे कहा कि ऐसी परिस्थितियों में अदालत उन 40 बच्चों की चिकित्सा स्थिति पर आंख नहीं मूंद सकती जो न्यायालय के समक्ष याचिकाकर्ता हैं। अदालत ने कहा कि इन परिस्थितियों में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव सुनवाई की अगली तारीख पर शारीरिक रूप से अदालत में उपस्थित रहेंगे। न्यायमूर्ति सिंह ने इसके बाद मामले को अगली सुनवाई के लिए 10 मई को सूचीबद्ध किया।
अदालत ने यह भी नोट किया कि 15 फरवरी और 6 मार्च को केंद्रीय मंत्रालय ने 5 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि जारी करने का निर्देश दिया था, लेकिन यह राशि आज तक जारी नहीं की गई है।
अदालत ने कहा, अगली तारीख पर अदालत इस बात पर विचार करेगी कि क्या इन मामलों में अवमानना का नोटिस जारी किया जाना चाहिए।

# मेरठ में गरजे सीएम योगी

**» यूपी में माफिया राज खत्म,अब गले में तख्ती लटकाए घूम रहे अपराधी**



**मेरठ ,05 मई 2023 (ए)।** निकाय चुनाव प्रचार के लिए मेरठ पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिमखाना मैदान में जनसभा को संबोधित किया। भाजपा प्रत्याशी हरिकांत आहलूवालिया व पार्षदों के लिए क्रांतिधरा मेरठ पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज मेरठ की नई पहचान बनी है। मेरठ में सीएम योगी जनसभा खत्म हो गई और उनका हेलिकॉप्टर बुलंदशहर के लिए रवाना हो गया।

### सीएम योगी ने मेरठ को बताया नई पहचान

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में कानून का राज है। वहीं उन्होंने कहा कि मेरठ आज नई पहचान बन रहा है। उन्होंने कहा कि आज यूपी की पहचान विकास है। सीएम योगी ने कहा अब कांवड़ यात्रा यूपी की पहचान है। साथ ही कहा कि अब माफिया नहीं महोत्सव यूपी की पहचान है। सीएम बोले-बिना भेदभाव के हर योजना को कर रहे पूरा मुख्यमंत्री ने कहा कि हम हर योजना को बिना भेदभाद के पूरा कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा सरकार के लिए लोगों में उत्साह है। कहा कि 2017 से पहले यूपी में किसानों को छला जाता था। उन्होंने कहा कि आज मेरठ में चारों तरफ सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यूपी में आज हर व्यक्ति को उसका हक मिल रहा है।




# शताब्दी में टीटीई के बर्ताव से उमा नाराज

**भोपाल,05 मई 2023 (ए)।** ट्रेनों में चेकिंग के लिए चलने वाले टीटीई (ट्रेन टिकट इंस्पेक्टर) के कारण यात्रियों के साथ विवाद सामने आते रहते हैं। इसी तरह का मामला पूर्व सीएम उमा भारती के साथ सामने आया है। उमा शताब्दी एक्सप्रेस के टीटीइ के बर्ताव से नाराज हो गई। उन्होंने ट्वीट कर इसकी शिकायत रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से की है। उमा की शिकायत के बाद सभी टीटीई को निलंबित कर दिया गया है। उमा ने ट्वीट कर लिखा, जब से नई दिल्ली-भोपाल शताब्दी ट्रेन शुरु हुई है, तब से मैं इस ट्रेन में यात्रा करती आ रही हूँ। मैं पहले खजुराहो से सांसद थी, तब झांसी से बैठती थी, फिर भोपाल से सांसद हो गई। शताब्दी में खूब बैठी। ऐसा पली बार हुआ कि मुझे आज शताब्दी ट्रेन में झांसी से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन की यात्रा के दौरान शिकायत करनी पड़ रही है। मैं आज झांसी से बैठी, तो मेरा डिब्बा पूरा खाली था। मैं थी और मेरे सुरक्षाकर्मी मेरी देखरेख के लिए आना-जाना कर रहे थे। अचानक बीना स्टेशन के बाद चार-पांच टीटीई लोगों का झुंड बैठा। उनका बर्ताव, यूनिफॉर्म, कार्य स्थली और जिम्मेवारी के अनुरूप नहीं था। मेरी सिक्योरिटी वालों की शिकायत पर ट्रेन सुपरिटेंडेंट ने स्थितियों को नियंत्रित किया। मेरे सुरक्षाकर्मियों ने इस संबंध में रेलवे से शिकायत की है। हमारी भोपाल-झांसी-नई दिल्ली की शताब्दी ट्रेन की छवि बहुत अच्छी है, आज का कृत्य देखकर, मुझे उस छवि की चिंता है। उमा ने रेल मंत्री के साथ रेल

## संपादकीय

### शरद पवार भतीजे को सीएम नहीं बनने देते

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और शरद पवार के परिवार की अंदरूनी राजनीति को लेकर कई रहस्य खुल रहे हैं और अब अजित पवार व उनके करीबी खुल कर कहने लगे हैं कि शरद पवार ने हर बार अपने भतीजे यानी अजितदादा को मुख्यमंत्री बनने से रोका है। एक बार की कहानी खुद अजित पवार ने बताई थी और दूसरी कहानी उनके करीबी बता रहे हैं। अजित पवार ने कहा था कि 2004 में एनसीपी का मुख्यमंत्री बन सकता था क्योंकि उस चुनाव में 71 सीट के साथ एनसीपी सबसे बड़ी पार्टी बनी थी। तब कांग्रेस को 69 सीटें मिली थीं। एनसीपी 58 से बढ़ कर 71 हुई थी, जबकि कांग्रेस 75 से घट कर 69 पर आ गई थी। उस समय शरद पवार केंद्र सरकार में मंत्री बन गए थे। अजित पवार का कहना है कि पता नहीं किन हालात में उनके चाचा ने समझौता किया कि कांग्रेस का ही मुख्यमंत्री बनेगा। माना जा रहा है कि अजित पवार को सीएम बनने से रोकने के लिए शरद पवार ने ऐसा किया।

अब दूसरी कहानी 2019 के चुनाव के बाद की है, जो अजित पवार के समर्थक सुना रहे हैं। उनका कहना है कि शिव सेना और एनसीपी की सीटें बराबर थीं, जबकि कांग्रेस को उनसे 10 सीटें कम थीं। कांग्रेस के नेता इस बात को लेकर बहुत सहज नहीं थे कि वे शिव सेना के नेता उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री बनाने के लिए समर्थन दें। वे चाहते थे कि एनसीपी का मुख्यमंत्री बने। एनसीपी में भी एक बड़ा खेमा ऐसा था, जो अजित पवार को मुख्यमंत्री बनाने की मांग कर रहा था। अजित पवार समर्थकों का कहना है कि उद्धव ठाकरे खुद भी मुख्यमंत्री बनने को राजी नहीं थे। वे अपने बेटे आदित्य ठाकरे को उप मुख्यमंत्री बना कर राजी थे। लेकिन शरद पवार ने मेहनत करके उद्धव ठाकरे को मनाया और उनको मुख्यमंत्री बनवाया। अब एक बार फिर अजित पवार पूरे प्रदेश की यात्रा करने और अपने को 2024 में मुख्यमंत्री का दावेदार पेश करने की तैयारी में हैं तो उससे पहले ही शरद पवार ने दूसरा दांव चल दिया है।

# बदलती राजनीति,प्रमाण कर्नाटक!

हां, पहले जरा दिसंबर 2022 के गुजरात-हिमाचल चुनाव के माहौल को याद करें। फिर उसके बाद से कर्नाटक चुनाव के मौजूदा माहौल पर गौर करें तो क्या लगेगा नहीं कि राजनीति भारी बदल गई है। क्या लगता नहीं कि भारत सन् 2023 में भीषण सियासी गर्मी में झुलसेगा। हार-जीत के सिनेरियो को एक-तरफ करें और कर्नाटक पर सोचें! नरेंद्र मोदी, अमित शाह, योगी आदित्यनाथ या भाजपा का कैंपेन कैसा है? पूरी तरह रक्षात्मक है। नरेंद्र मोदी अपने जादू पर भरोसा करने की बजाय बूथ कार्यकर्ताओं से अपील कर रहे हैं। हिमाचल में भाजपा के टिकट कटे नेताओं ने निर्दलीय चुनाव लड़ा था।वही कर्नाटक में भाजपा के दिग्गज नेताओं ने कांग्रेस में शामिल हो कर कांग्रेस का टिकट लिया है। प्रदेश में भाजपा ने हिजाब, हलाल, टीपू सुल्तान जैसे जो मुद्दे पकाए थे, उन्हें वह छोड़ चुकी है। या तो वह यह कह रही है कि कांग्रेस जीती तो दंगे होंगेया मुस्लिम आरक्षण पर बात कर रही है।

पहली बार भाजपा हर तरह से भ्रष्टाचारों के आरोपों में घिरी है। प्रदेश में '40 प्रतिशत कमीशन सरकार' का जुमला ऐसा चला है कि भाजपा मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई पत्रकार पूछे उससे पहले ही पत्रकार के आगे '40 प्रतिशत' पर सफाई देने लगते हैं। अदानी और 40 प्रतिशत कमीशन की चर्चाओं में न तो भाजपा सबका साथ, सबका विकास का हल्ला बना पा रही है और न नरेंद्र मोदी अपनी जादू के आत्मविश्वास में सघन प्रचार कर रहे हैं जैसे दिसंबर में हिमाचल-गुजरात में किया था।

मतलब कर्नाटक में भाजपा इस समस्या से जूझ रही है कि बोलें तो क्या बोलें! ठीक विपरीत कांग्रेस, राहुल गांधी, प्रियंका, शिवकुमार, सिद्धारमैया, खड़गे दबा कर बोल रहे हैं। सभी ऐसे एक्टिव हैं, जैसे किसी बात का कोई डर नहीं, कोई चिंता नहीं।

सोचें, जनवरी 2023 से नरेंद्र मोदी, अमित शाह, भाजपा सरकार ने राहुल गांधी, कांग्रेस, आप, विपक्ष को डराने, चोर, भ्रष्ट बतलाने के लिए क्या-क्या नहीं किया!राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म की। दिल्ली में उनको बेघर बनाया। मनीष सिसोदिया को जेल में डाला। अरविंद केजरीवाल, चंद्रशेखर राव, तेजस्वी यादव, ममता बनर्जी याकि विपक्षी नेताओं और परिवारों पर तरह-तरह की तलवारें लटकाई। मगर इस सबके बावजूद राहुल गांधी ने कर्नाटक में बिना अदानी-नरेंद्र मोदी पर फोकस किए '40 प्रतिशत कमीशन सरकार' के प्रादेशिक जुमले का जबरदस्त हल्ला बनवा डाला है।

तो जनवरी 2023 के बाद बदली राजनीति में पहली नई बात यह है कि भाजपा पर भ्रष्टाचार का आरोप चिपका है। अखिल भारतीय स्तर पर अदानी और नरेंद्र मोदी पर राहुल गांधी ने, कांग्रेस ने संसद और सड़क पर जो महाअभियान चलाया तो उससे अब प्रदेश-जमीनी स्तर पर भी लोग भाजपाई



मुख्यमंत्रियों, नेताओं, सरकारों के भ्रष्टाचार को दिल-दिमाग में पैठाते हुए हैं। मोदी-शाह ने अरविंद केजरीवाल सहित तमाम विपक्षी नेताओं को जितना बदनाम किया उससे अधिक अनुपात में अदानी के स्थायी फैक्टर से लोग अपने आप '40 प्रतिशत कमीशन सरकार', को महंगाई जैसे आर्थिक मुद्दों का मिक्स कर भाजपा को विलेन बूझने लगे हैं। यदि कर्नाटक में भाजपा विधानसभा की 224 सीटों में से 70-80 सीटों पर अटकी और कांग्रेस को यदि अकेले बहुमत मिल गया तो साफ जाहिर होगा कि गैर-भक्त वोटों में भ्रष्टाचार और महंगाई जैसी तकलीफों का कॉकटेल मिक्स अब धर्म और जात राजनीति जितना ही दमदार बन रहा है।

दूसरी बात, चार महीने में मोदी सरकार ने विपक्ष को मारने कि जितने चाबुक चलाए उतना ही अब सभी विरोधी नेताओं में मन ही मन आर-पार की सियासी लड़ाई का संकल्प बना है। दिसंबर 2022 में अरविंद केजरीवाल, चंद्रशेखर राव, गांधी परिवार, स्टालिन, नीतीश-तेजस्वी, ममता, अखिलेश जो सोचते थे, उससे वे बहुत अलग अब 2024 का मन ही मन संकल्प बनाते हुए हैं।

तीसरी बात, विपक्ष में मंडल-जात राजनीति का कार्ड सर्वमान्य बना है। कर्नाटक में राहुल गांधी ने नीतीश कुमार के सूत्र में जातीय जनगणना की जो बात कही वह आगे विस्फोटक रूप लेगी। नरेंद्र मोदी अपने को कितना ही पिछड़ा बताएं, उनके लिएआगे दक्षिण में स्टालिन के सामाजिक न्याय से लेकर उत्तर भारत में नीतीश-तेजस्वी-अखिलेश-कांग्रेस की साझा मंडल राजनीति को पंक्चर करना आसान नहीं होगा।

चौथी बात, राहुल गांधी और कांग्रेस ने कर्नाटक में जनता को रेवड़ियां बांटने की जितनी तरह की जो-जो घोषणाएं की हैं वह हिमाचल प्रदेश की घोषणाओं का महारूप है। हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल कर दी है। बाकी घोषणाओं पर अमल का खाका बन रहा है। कर्नाटक में कांग्रेस ने रोजगार, बिजली, पानी, किसानों, महिलाओं और गरीबों को सीधे आर्थिक मदद के साथ तटीय इलाकों याकि क्षेत्रवार वादे भी किए हैं। प्रियंका गांधी वारा ने महिलाओं के लिए अलग घोषणापत्र बनाने की बात करके पार्टी की यह रणनीति बतलाई है कि गरीब, महिला, मुस्लिम और दलित पर कांग्रेस लोकसभा चुनाव तक नई रणनीति बनाएगी तो सहयोगियों के साथ मंडल राजनीति का कार्ड भी चलेगी।

क्या यह सब 2024 के आम चुनाव की जमीन की तैयारी नहीं है?

क्या इसे नरेंद्र मोदी-अमित शाह बूझते हुए नहीं होंगे? बिल्कुल हैं। तब कर्नाटक में भाजपा क्या कर रही है? वह मोटा-मोटी बूथ स्तर पर बनाई अपनी वोट प्रोडक्शन असेंबली लाइन को धर्म तथा पैसे सेग्रीस करते हुए है। यह उसका पुराना और स्थायी नुस्खा है। हिमाचल और गुजरात के चुनाव में भी था। हर बूथ पर कौन हमारा है और कौन सा विरोधी की एक-एक वोट गिनती पर और प्रति वोट के प्रबंधन, येन-केन-प्रकारेण अपने ज्यादा वोट डलवाने की भाजपा कारीगरी 2017 के यूपी चुनाव से काम करती हुई है। उस नाते कर्नाटक में भी भाजपा को जीतना चाहिए। मेरा मानना है इस पहलू पर कांग्रेस कर्नाटक में लापरवाह होगी। बावजूद इसके यह तो जाहिर है कि हिमाचल के बाद से अब तक के चार महीने में भारत की राजनीति बहुत बदली है। एक निचोड़ यह है कि विपक्ष को खत्म करने का मोदी महाअभियान उलटा पड़ता, बैकफायर होता हुआ है।

**हरिशंकर व्यास**

### हँसीन मंजर

मौसम का हँसीन मंजर है आया
आसमां पे चाँद देखो मुस्कुराया
पर्वत ओढ़ ली चादर हरियाली
प्रकृति ने हँस कर बजाई ताली
पुर्वा सागर का ओठ चुम चुम जाता
मदमस्त बयार मतवाला दिखलाता
इधर उधर भटक रहा है दिलवाला
गम के घर पे लटक रहा है अब ताला
चारू चन्द्र की दुधिया चंचल किरणें
वन में उछल कूद रही है काला हिरण
अल्हड़ नदिया बह रही है उतराई
कलियाँ में आई उमंग से है शरमाई
दूर पपिहरा बुला रही है अपने घर पे
आ जा मेरे मनमीत संवाद पा दर पे
प्रेम जगत की कब समझेगा तूँ वाणी
दर्द से सिसक रही है प्रीत की जवानी
चमन की कलियाँ हमसे पूछ रही है
प्रेम की भाषा से कुछ गीत सही है
कब आओगे मेरे मीत ऋतुराज
मधुमास की आई बेला है रे आज
चलो रे जीवन साथी दूर गगन तक
गम ना आये नजदीक कभी मन तक
चलो एक दुजे में हम रस बस जायें
तेरी बाँहों में सब कुछ भूल सो पायें



**उदय किशोर साह**
जयपुर जिला बाँका बिहार

### सुनले मोर सरकार

सुनले मोर छत्तीसगढ़ सरकार
मैं करत हँव तोर से एक गुहार।
हमर चिन्हारी हे छत्तीसगढ़ीया
सबले हमन के राज हे बढ़िया।
मंजूरी दिवस ल तो तंय मनवाए
सुग्घर बटकी म बासी ल खवाए।
हमरो राज ल भी रोठ-पोठ बनाए
जमो कारज म पहिचान दिलवाए।
कतका अउ बोरे-बासी ल खवाबे
दार-भात,छप्पन भोग कब देवाबे।
बाहरी मन इहाँ रस-मलाई खावय
कमिया रतन बेटा मन मुहू निहारय।
इहू मन के जिनगी ल अब सवांर दे
भूख-भय,मंजूरी ले सब ल उबार दे।



**अशोक पटेल आशु**
शिवरीनारायण छत्तीसगढ़

### तिरीया जनम झन देबे वो दाई

ननपन मा मोर गौना करादेस।
केंवरी तन मा पींवरी चढ़ादेस
नी जानों दुनिया के बारा बात वो।
गाय अस खुंटा मोला बंधादेस।
तिरीया जनम झन .......
तिरीया के दुख बड़ा भारी।
दुनिया मा कइसे जीए नारी।
नाता गोता जेठ जेठानी
दिन मा टांगय मोला फांसी।
तिरीया जनम झन ........
जेन ला बनाएन हम साथी
उही देखाए हमला लाठी।
मोर कोनों करा जगा नइहे
काखर जांवव मय हा मोहाटी
तिरीया जनम झन ......
रहि गेंव मय घुरुवा अस माटी
नई तो भावे पैरी साटी
लइकापन के आथे सुरता।
रहि रहि के मोला रोवाथे।
तिरीया जनम झन .......



**पुरुषोत्तम चक्रधारी**
सूर्य पांडुका
गरियाबंद छत्तीसगढ़

### सुबह-सुबह

रवि ने पूरब का पट खोला,
सुबह-सुबह।
नीलगगन को मिली कंचन देह।
धरती ने भी ले ली किंचन स्नेह।
मंद-मंद मस्त मगन मनचला पवन डोला,
सुबह-सुबह।
कौए ने बैठ छानी पर पाँखें खुजलाई।
ओस की बूँदें पीकर ली दूब ने अंगड़ाई।
बिही के फलों को तोते ने फोला,
सुबह-सुबह।
दादी अम्मा परछी में
बैठ लेती गोरसी-आँच।
मीठी चाय माँ की एक ममता भरी साँच।
चलें घूमने नंगे पाँव बाबूजी ने बोला,
सुबह-सुबह।



**टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला**
घोटिया-बालोद (छत्तीसगढ़)

## सड़कों पर अनियंत्रित यातायात परिणाम,दुर्घटनायें



लगभग सभी देशों में यातायात से होने वाली दुर्घटनाएं सबसे ज्यादा होती है । इनका अनुपात विकासशील एवं विकसित देशों में लगभग एक सा होता है । जहां तक भारत का सवाल है भारत में सड़क यातायात का अनुपात बहुत ज्यादा है । भारत में सड़क दुर्घटनाएं निम्न कारणों से ज्यादा होती हैं सड़कों पर अनियंत्रित यातायात का होना । यातायात के नियमों का पालन न करना । सड़कों पर दुपहिया गाड़ियां ज्यादा होना । सभी प्रकार की गाड़ियों ( दुपहिया , चारपहिया ) का साथ - साथ एक ही सड़क पर चलना । बड़ी संख्या में पुरानी , खराब गाड़ी का सड़क पर चलना । सड़कों पर आवारा पशुओं का जमघट वाहनों के लिए सभी को लायसेंस दे देना । खराब सड़कें होना,सड़कों पर प्रकाश की व्यवस्था न होना । यातायात के संकेतों कान होना । ज्यादातर दुर्घटनाएं उन स्थानों पर ज्यादा होती हैं , जहां मनुष्य के लिए नया स्थान होता है । दुर्घटनाएं ज्यादातर 15-35 साल की उम्र में ज्यादा होती हैं , क्योंकि युवावस्था में वाहन चलाना उत्साहवर्धक रहता है, अतः युवावस्था से जुड़े कारण जैसे अत्यधिक तीव्र गति से वाहन चलाना । पर्याप्त अनुभव की कमी होना । आत्मविश्वास की अधिकता । गलत निर्णय लेना । मानसिक असंतुलन ,क्रोधित होना । समय - समय पर उन्माद में आना । संभावना होती है । दुर्घटना से बचने के लिए आत्मरक्षा अत्यंत आवश्यक है । अतः यदि आत्मरक्षा के साधन जैसे हेलमेट ,सीट बेल्ट नहीं बांधे जाते हैं तब दुर्घटनाएं होने की ज्यादा सड़क दुर्घटनाओं के लिए उत्तेजित करने वाले कारण अत्यंत योगदान देते हैं जैसे नशायुक्त पदार्थ का सेवन कर वाहन चलाना ज् एल्कोहल , गांजा , भांग आदि । यह कारण दुर्घटनाओं के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार हैं । ज् अत्यधिक भावुकता में वाहन चलाना भी दुर्घटना का कारण बनता है । सुरक्षा से संबंधित जानकारी लोगों को देना अत्यंत जरूरी है , लोगों को दुर्घटना से बचने के उपायों के बारे में शिक्षित करना चाहिए । समय - समय पर शिक्षासंचार जानकारी के माध्यम से लोगों तक दुर्घटनाएं रोकने एवं दुर्घटना हो जाने पर जान बचाने के उपायों की जानकारी देना चाहिए । जैसे ज् सड़कों के किनारों पर बड़े - बड़े होर्डिंग लगाना , जिसमें दुर्घटना से बचने की जानकारी हो । टीवी रेडियो में दुर्घटना से बचने हेतु छोटी - छोटी कहानियों के माध्यम से जानकारी देना । यह अत्यंत जरूरी है , केवल हेलमेट को लगाकर दो पहिया वाहन चलाने से हम बच सकते हैं । 30-35 प्रतिशत तक मृत्यु को केवल हेलमेट लगाने से दूर किया जा सकता है । यह सुरक्षात्मक उपकरण है । दो पहिया वाहनों के लिए हेलमेट एवं चारपहिया वाहनों के लिए सीटका पट्टा । बच्चे ( किशोर ) जबदो पहिया वाहन चलाना सीख जाते हैं तब वह शौक-शौक में ज्यादा गाड़ी चलाते हैं और तेजी से भी चलाने लगते हैं , जिससे दुर्घटनाएं होने की संभावना बढ़ जाती है । अतः 18 साल से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने पर पूर्णतः रोक लगानी चाहिए । यदि यातायात संबंधी कानून हम तैयार करें और उनका सख्ती से पालन करें तो दुर्घटना से बचा जा सकता है ।



**डॉ. मुश्ताक़ अहमद**
हरदा
मध्यप्रदेश

# चीन से वार्ता का क्या संदेश है?

पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर यथास्थिति बदलने के चीन के प्रयासों और गलवान घाटी में भारत-चीन के सैनिकों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद पहली बार दोनों देशों के बीच राजनीतिक स्तर की वार्ता हुई है। शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में हिस्सा लेने भारत आए चीन के रक्षा मंत्री जनरल ली शांगफू ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ दोपक्षीय वार्ता की। दोनों देशों के संबंधों और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के लिहाज से भी यह एक बड़ा घटनाक्रम था। लेकिन इस वार्ता का क्या संदेश है? क्या दोनों देश तीन साल से चल रहे गतिरोध को समाप्त करने की दिशा में बढ़ेंगे? ध्यान रहे चीन के साथ सीमा पर गतिरोध का बिंदु सिर्फ पूर्वी लद्दाख नहीं है। डोकलाम से लेकर अरुणाचल प्रदेश के अंदर तक चीन ने किसी न किसी रूप में दखल देने का प्रयास किया है। भारत का कहना है कि सीमा से जुड़े सारे मुद्दों का समाधान जब तक नहीं होता है, तब तक आगे बढ़ने का रास्ता नहीं बनेगा। भारत ने सीमा विवाद को सर्वोच्च बताते हुए इसके समाधान को दोपक्षीय संबंधों में सुधार के लिए अनिवार्य बताया है। ली शांगफू के साथ दोपक्षीय वार्ता के बाद भारत की ओर से जो जारी बयान के मुताबिक राजनाथ सिंह ने चीन के अपने समकक्ष से बहुत साफ शब्दों में कहा कि दोनों देशों के दोपक्षीय संबंधों में प्रगति सीमा पर शांति और स्थिरता पर निर्भर है। भारत ने चीन से मौजूदा दोपक्षीय संधियों के आधार पर सारे विवाद निपटाने की बात कही है। दूसरी ओर इस वार्ता के बाद चीन ने जो बयान जारी किया है उसमें बिल्कुल उलटी बात कही गई है। चीन ने सीमा के हालात को मोटे तौर पर स्थिर बताया है और दोपक्षीय संबंधों के बीच सीमा विवाद को एक निश्चित जगह देने की बात कही है। उसका कहना है कि सब कुछ सीमा विवाद से जोड़ना या उस पर निर्भर करना ठीक नहीं है।

इस तरह भारत चाहता है कि सीमा विवाद सुलझे तब दोपक्षीय संबंधों में आगे बढ़ा जाए और चीन कहता है कि सीमा विवाद सुलझाने का प्रयास चलता रहेगा लेकिन साथ ही दोपक्षीय संबंध भी चलते रहने चाहिए। उसने भारत के सामने दोनों देशों के सैनिकों के बीच सहयोग और साझीदारी बढ़ाने का एक प्रस्ताव भी रखा, जिसे भारत ने खारिज कर दिया। अब सवाल है कि क्या सचमुच भारत इतना नाराज है कि चीन से संबंध नहीं रखना चाहता है और इस बात को लेकर प्रतिबद्ध है कि जब तक सीमा विवाद नहीं सुलझेगा, तब तक दोपक्षीय संबंधों में सुधार नहीं होगा? ऐसा नहीं है। यह सिर्फ भारत की एक पोजिशनिंग है, एक दिखावा है, जिसका मकसद राजनीतिक कांस्टीट्यूएंसी को एड्रेस करना है। भारत नहीं चाहता है कि चीन के साथ कोई ऐसी तस्वीर आए, जो भारत के मजबूत और सख्त नेतृत्व पर सवाल उठाने वाली हो। इसी वजह से सैन्य साझेदारी बढ़ाने के प्रस्ताव को खारिज किया गया और इसी वजह से एससीओ की बैठक में राजनाथ सिंह ने चीनी रक्षा मंत्री से हाथ मिलाने से इनकार किया।

हकीकत यह है कि कूटनीतिक और सैन्य मामले में भारत जो भी स्टैंड ले कारोबार के मामले में भारत बुरी तरह से चीन पर निर्भर होता जा रहा है। सोचें, अगर भारत को चीन के सीमा विवाद सुलझे बगैर सैन्य साझेदारी नहीं करनी है या दोपक्षीय संबंधों में सुधार नहीं करना है तो आर्थिक साझेदारी क्यों बढ़ाई जा रही है? सरकार कुछ भी कहे लेकिन हकीकत यह है कि 2015 से 2022 के बीच भारत और चीन का दोपक्षीय व्यापार 190 फीसदी बढ़ा है। यानी हर साल भारत के आर्थिक विकास दर से दोगुने से ज्यादा रफ्तार से चीन से भारत का कारोबार बढ़ा है। इस अवधि में चीन से होने वाला आयात 120 फीसदी बढ़ा है, जबकि भारत के निर्यात में 38 फीसदी की कमी आई है। चीन के साथ एक साल का कारोबार 136 अरब डॉलर का हो गया है। यह तब हुआ है जब भारत में चीन के बहिष्कार की बात चल रही है। अगर दोपक्षीय संबंध सीमा विवाद के सुलझने पर निर्भर हैं तो आर्थिक संबंधों को क्यों उससे अलग रखा गया है?

दोनों देशों के कारोबार की छोड़ें एक हकीकत यह भी है कि चीन के जाल में फंस कर भारत ने पूर्वी लद्दाख के इलाके में अपनी रणनीतिक बढ़त गंवाई है। गलवान घाटी की घटना के बाद भारत के बहादुर सैनिकों ने 29-30 अगस्त 2020 की रात को कैलाश रेंज में रेजांग ला और रेचिन ला की पहाड़ियों पर अपना नियंत्रण बना लिया था। यह इतना अचानक हुआ था कि चीन के सैनिक हतप्रभ रह गए थे। उनको पता भी नहीं चला और भारत की सेना ने ऐसी रणनीतिक जगह पर अपना नियंत्रण बना लिया, जहां से वह चीनी सैनिकों की हर गतिविधि पर नजर रख सकती थी। इस घटना के बाद अचानक चीन ने भारत से सैन्य वार्ता में रूचि दिखानी शुरू की और यथास्थिति बहाली के लिए कोर कमांडरों की वार्ता शुरू हुई। ऐसी ही एक वार्ता में भारत ने चीन की बात मान ली और पैंगोंग झील के पास उसके सैनिकों के पीछे हटने के बदले में रेजांग ला और रेचिन ला से अपने सैनिकों के हटा लिया। जैसे ही भारत की यह रणनीतिक बढ़त समाप्त हुई, चीन की वार्ता में रूचि भी समाप्त हो गई। सोचें, अब तक कोर कमांडर स्तर की 18 दौर की वार्ता हो चुकी है और अभी तक पैंगोंग झील के अलावा किसी दूसरी जगह से सैनिकों के पीछे हटने की बात सफल नहीं हुई है। सो, चाहे सामरिक हो या आर्थिक दोनों मोर्चे पर चीन किसी न किसी तिकड़म से भारत को अपने जाल में फंसाए हुए है।भारत सरकार की दिक्कत यह है कि उसने यह लाइन पकड़ ली है कि चीन की ओर से कोई घुसपैठ नहीं हुई है और किसी ने भारत की एक इंच जमीन नहीं कब्जा की है। गलवान घाटी की घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 जून 2020 को सर्वदलीय बैठक में कहा था कि न कोई घुसा है और न कोई घुस आया है। उन्होंने इस बात को खारिज किया कि चीन ने भारत की जमीन कब्जा किया है। सोचें, भारत कह रहा है कि चीन ने एक इंच जमीन नहीं ली है और चीन भी यही कह रहा है कि उसने एक इंच जमीन नहीं ली है, फिर विवाद किस बात का है? चीन ने घुसपैठ नहीं की है तो भारत कहां से उसको पीछे हटने और अप्रैल 2020 से पहले की यथास्थिति बहाल करने के लिए कह रहा है? अगर चीन ने कोई घुसपैठ नहीं की है तो दुशांबे में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जो कहा था कि पूर्वी लद्दाख में चीन की कार्रवाई से दोपक्षीय संबंध प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हुए हैं। सवाल है कि वह क्या कार्रवाई थी, जिससे दोपक्षीय संबंध प्रभावित हुए हैं?

**अजीत द्विवेदी**

# गलती का एहसास

ग्रीष्म ऋतु का आगमन हो चुका है। मैंने पहले ही तुमसे कहा था कि हम यहाँ से दूसरे वन को चले जाते हैं, लेकिन तुम मेरी एक नहीं सुनती; अपनी ही मनमानी करती हो। थोड़ा चिंतित और उदास टीटू चिड़िया अपनी धर्मपत्नी विनी को समझा रहा था।

गर्भवती विनी टीटू की बातें बड़े ध्यान से सुन रही थी। चूँकि वे दोनों जानते थे कि यहाँ गर्मी में पानी की बहुत परेशानी होती है और घोंसला भी टूट रहा है। वैसे भी विनी को अकेला रहना पसंद था। किसी से ज्यादा मेलङ्क मिलाप नहीं रखती थी वह। स्वभाव से थोड़ी घमंडी भी थी। टीटू उसको बहुत समझाता था; फिर भी विनी उसकी बातों को यूँ ही उड़ा देती और अपने में ही खुश रहती।

कुछ दिन बीते। जंगल में पानी की कमी होने लगी। सभी चिड़िया दानाङ्कपानी की तलाश में जंगल से बाहर निकल गए। लेकिन टीटू को विनी ने मना कर दिया। यहीं रहने की जिद पर उतर आयी। उसे अकेलापन पसंद था। विनी की जिद पर टीटू ने कुछ कहना चाहा तो विनी टीटू को शांत कराते हुए बोलीङ्क ÷ चुप... ! मैं बोल रही हूँ... मतलब मैं बोल रही हूँ...ना ! ÷ तभी पास बैठी मिन्नी चिड़िया ने विनी से कहा कि तुम ऐसा क्यों सोचती हो विनी। तुम गर्भवती हो और तुम्हारा घोंसला भी टूटने वाला है। ऐसे में तुम अंडे कहाँ दोगी। तुम्हारी देखभाल कौन करेगा। टीटू भोजन की व्यवस्था करेगा या तुम्हारा ध्यान रखेगा। तुम्हें यह सब समझना चाहिए। अरे भाई....! हम सब के बीच रहकर तो तुम खुश रहोगी।

मिन्नी की बातें सुन विनी तमतमा गयी। बोली- मुझे किसी की जरूरत नहीं है। तुम जा सकती हो मिन्नी दीदी। मिन्नी वहाँ से चली गयी। धीरे-धीरे सभी चिड़िया वन छोड़कर चली गयीं। सारा वन सूना हो गया। फिर विनी के मन में तरह-तरह के सवाल उठने लगे। तभी विनी टीटू से बोली- ÷ टीटू ! चलो ना हम आम वाले बगीचे में चलते हैं। मुझे यहाँ अच्छा नहीं लग रहा है। टीटू को गुस्सा आया और चिढ़ाते हुए बोला- नहीं.... नहीं... विनी। अब हम कहीं नहीं जायेंगे। तुम्हें तो अकेला रहना पसंद है ना ? तुम यहाँ से जाना भी नहीं चाहती। किसी से बात करना भी नहीं चाहती हो। रहो न अब, क्या हुआ ? फिर विनी रोने लग गयी।

कुछ समय पश्चात दोनों आम के बगीचे की ओर चल पड़े। टीटू बहुत परेशान था बेचारा। सोच रहा था कि अब कहाँ घोंसला बनाया जाय। सभी चिड़ियों ने घोंसले बना लिये होंगे। टीटू को अच्छी तरह पता था कि विनी के अंडे देने का समय भी लगभग आ ही चुका है।

बगीचे में पहुँचते ही विनी थकान महसूस करने लगी। गिड़गिड़ाने लगी- ÷ अब और मैं नहीं उड़ सकती टीटू। मुझे बचा लो। ÷ बोलते-हाँफते हुए विनी बेहोश हो गयी। टीटू घबरा गया। सभी चिड़यिा अपनेङ्कअपने घोंसले से झाँक ङ्कझाँक कर देखने लगीं। विनी के रूखे व्यवहार के कारण किसी की हिम्मत नहीं हुई उससे बात करने की। तभी एक डाल पर वृद्ध चिड़िया दम्पत्ती रहते थे। विनी की हालत देख कर उन्हें टीटू-विनी पर दया आ गयी। उन दोनों को उन्होंने अपने घर में रहने के लिए जगह दे दी।

थोड़ी देर बाद विनी को होश आया।देखा कि वह एक बूढ़े दंपत्ती के घर में है। साथ में सभी चिडिया भी आसपास थी। विनी को पहली बार अपनापन का एहसास होने लगा। वृद्ध दंपत्ती विनी को समझाते हुए बोले कि देखो विनी ! हमें सब के साथ मिलजुल कर रहना चाहिए। एक-दूसरे की मदद करनी चाहिए। तुमने कभी किसी से अच्छा व्यवहार नहीं किया, फिर भी आज सभी तुम्हें मदद करने आ गए। आज इन चिड़ियों ने तुम्हें नया जीवनदान दिया है। कभी भी इसका एहसान नहीं भूलना।

विनी की आँखों से आँसूओं की झड़ी लग गयी। विनी ने सबसे माफी माँगी। सबने उसे माफ कर दिया। तभी विनी अपने पास बैठी मिन्नी से कहने लगी- मुझे माफ करना मिन्नी दीदी। मुझसे गलती हो गयी। मैंने तुम्हें गुस्से में बहुत कुछ बोल दिया।

मिन्नी सुबकती विनी को अपनी चोंच से सहलाते हुए मुस्कुरा रही थी।



**प्रिया देवांगन प्रियू**
राजिम
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

# दूधारू हो,परंतु गाय हो गाय

वर्तमान युग में बढ़ती हुई महंगाई को मद्देनजर रखते हुए इस लेख को लिखना चाहा । वाकई यदि हम अपना पहले का समय देखें और आज के समय से हम मिलान करें तो, महंगाई 3 गुना स्तर बढ़ गई है । ऐसे में किसी भी परिवार का अपने परिवार के प्रति अकेले आर्थिक जिम्मेदारी निभाना बहुत ही कठिन हो गया है । यदि आज के समय में देखा जाए तो, एक व्यक्ति की कमाई से घर को चलाना बहुत ही मुश्किल हो गया है जिसके चलते बहुत सी महिलाएं जो कि घर में अपने पुरुषों ( पति , भाई , पिता ) का साथ देते हुए स्वयं घर से बाहर जाकर कुछ न कुछ काम कर आर्थिक कमाई पाना चाहती हैं और पा भी रही है । ताकि पूर्णता रूप से ना सही, कुछ हद तक परिवार की मदद कर सके। परंतु एक समस्या जो सामने खड़ी हो रही है , वह यह कि औरतें घर से बाहर निकले कमाएं , घर की आर्थिक परिस्थितियों में साथ भी दे , वह घर का पूरा काम भी करें , अपनी हर जिम्मेदारी को बखूबी निभाए , अपने संस्कारों में भी बंधी ही रहे , जैसे कि ज्यादा ना बोलना , बहस ना करना , पुरुष को पुरुष प्रधान ही समझते हुए सम्मान देना वगैरह-वगैरह । जिसके चलते कामकाजी महिलाओं के काम को लेकर घर में विवाद उठता रहता है । इसका कारण महिलाओं की थकावट , कार्यभार आदि जिसके चलते वो सक्षम होते हुए भी सक्षम नहीं हो पाती । वह महिलाएं जो आपके घर को भी संभाले और बाहर भी जिम्मेदारी को बखूबी निभाए । आप क्या सोचते हैं पुरुष प्रधान , की सिर्फ काम पर आप जाते हैं और आपके सामने बहुत सारे संकट आते हैं । एक सवाल महिलाओं को भी क्याअपने कार्यस्थल पर संकटों का सामना नहीं करना पड़ता होगा ? उनके उच्च अधिकारी उन पर दबाव नहीं डालते होंगे ? क्या आप यह सोचते हैं ! कि महिलाएं सिर्फ कार्यस्थल पर इसलिए जाती हैं कि उनका मन बहला रहे या वह अपने घर के सदस्यों से निजात पाना चाहती है । यदि आपकी सोच में ना जाने क्या-क्या सोच शामिल हो जाती है , कामकाजी महिलाओं को लेकर , अपने ही परिवार की महिलाओं को लेकर । तो आप हर रूप से गलत समझते हैं जितना दबाव आपकी मन मस्तिष्क पर दैनिक क्रियाओं को लेकर होता है , उसी प्रकार महिलाओं के ऊपर भी उतना ही दबाव रहता है । आप तो सिर्फ पुरुष प्रधान होकर यह सोचते हैं कि हमें बाहर जाकर कमा कर लाना है कैसे भी खुद को खपा कर लाना है । महिलाओं पर भी तो गौर करें महिलाओं को यह दबाव रहता है कि , उन्हें तो बाहर भी सुनना है कमा कर लाना है और घर की भी समस्त जिम्मेदारियों को निर्वाहन करना है , अगर कभी कार्यस्थल पर महिलाओं को कुछ खरी-खोटी अपने उच्चाधिकारियों से सुननी पड़ती है तो वह तो उसकी भड़ास घर पर भी नहीं निकाल सकती है । आप पुरुष प्रधान तो घर पर आकर बच्चों पर या अपनी पत्नी पर खास करके अपनी पूरी भड़ास निकालते हैं , कहीं का गुस्सा कहीं पर निकालते । कहां तक सही है आप लोग ही जवाब दीजिए महिलाओं को कभी-कभी कार्यस्थल से घर तक पहुंचने में समय लग जाता है मान लीजिए कभी ऑटो नहीं मिला या मान लीजिए कोई ट्रेन नहीं मिली या लोकल ट्रेन छूट गई उनकी और जिस कारण से वह घर पर देर से आई तो घर पर सब उसे ऐसी नजरों से देखते हैं कि जैसे उसने बहुत बड़ा गुनाह कर दिया है । वह महिला घर आकर सबसे पहले अपना सामान कहीं भी रख कर लग जाती है अपने घर के काम में अपनी जिम्मेदारी को निभाने में और जिम्मेदारी निभाते निभाते उससे सौ सवाल परिवार के सदस्य पूछ लेते हैं उन्हें सुना देते हैं , क्या कसूर उस महिला का ? यानी आप लोग कामकाजी महिलाएं भी चाहते हैं जो की मलाई दूध देने वाली भी हो सरल शब्दो मे कहूं तो दूधारू हो साथ ही वह हर तरह से खामोशी इख्तियार करते हुए अपने संस्कारों में बंधी रहे याने आप लोगों को एक गाय चाहिए जो खूंटे से बंधी भी रहे और खूंटे से खुलकर समय-समय पर आर्थिक मदद भी करती रहे । आशा है जो भी पाठक इस लेख को पढ़ें हो सकता है उसकी मानसिकता पर कुछ असर हो । शब्द बोलते हैं , शब्द तलवार से वार करते हैं , शब्द घायल करते हैं यदि इसको पढ़कर कुछ इंसान ही इस बात को अमल में लाएं तो लिखना सार्थक हो जाता है । बहुत ही ऐसी महिलाओं को मैं जानती हूं जो इस दौर से गुजर रही है जो सिर्फ एक दुधारू गाय की तरह बनकर रह गई हैं जिसे सिर्फ परिवार रूपी ग्वालों के द्वारा दूधा जा रहा है । और जिसे खूंटे से बांध कर रखना भी चाहते हैं । आज कल जब विवाह के लिए कोई लड़का लड़की देखने जाता है तो वो नौकरी वाली ही लड़की को पहले महत्व देता है । क्यों कि वो ही तो दुधारू बन सालों साल तक मलाई , घी और भी बहुत से फायदे देती रहेंगी । हां पर उनसे गाय बनने की उम्मीद लगाना सरासर गलती होगी ।



**वीना आडवाणी तन्वी**
नागपुर,महाराष्ट

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# मेसर्स आरके एसोसिएट्स,मैट्रिक सर्विस एवं गुरुकृपा ग्रुप करोड़ों के धोखाधड़ी के मामले में थाने में शिकायत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,05 मई 2023
(घटती-घटना)।

मेसर्स आरके एसोसिएट्स, मैट्रिक सर्विस एवं गुरुकृपा ग्रुप द्वारा वेतन से ईपीएफ बोनस एवं ईएसआईसी की राशि में गोलमाल करने तथा फर्जी बिल लगाकर करोड़ों रुपए की राशि निकालने के मामले में अधिवक्ता व आरटीआई कार्यकर्ता डीके सोनी ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराया है।

डीके सोनी ने कोतवाली में किए गए शिकायत में उल्लेख किया है कि मेसर्स आरके एसोसिएट्स, मैट्रिक्स सर्विस एवं गुरुकृपा ग्रुप द्वारा वेतन से ईपीएफ बोनस एवं ईएसआईसी की कटौती प्रति माह की जाती है लेकिन उक्त कटौती का लाभ बाह्य स्रोत से कार्यरत कर्मचारियों को प्राप्त नहीं होने के संबंध में शिकायत का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही हेतु लिखा गया था उक्त शिकायत के संबंध में कार्यपालन निदेशक(अक्षे) छस्टेपाडिकंलि अंबिकापुर में उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर मेसर्स आरके एसोसिएट्स अंबिकापुर को चार कार्यादेश जारी किए गए। माह अगस्त 2020 से माह जुलाई 2022 तक के 150 कंप्यूटर ऑपरेटर के देयर एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों की उपस्थिति पंजी के अनुसार तुलनात्मक आंकलन करने पर पाया गया कि ठेकेदार मैट्रिक्स सर्विसेज अंबिकापुर को 1,32,52,783/- एक करोड़ बत्तीस लाख बावन हजार सात सौ तिरासी रुपए का अधिक भुगतान किया गया है। पारित देयको के अवलोकन करने पर उक्त नियम एवं शर्तों को ध्यान में ना रखते हुए



ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत 150 नग कंप्यूटर ऑपरेटर हेतु प्रस्तुत देयक माह अगस्त 2020, से फरवरी 2021 के देयक में ईपीएफ चालान फर्जी तरीके से परिवर्तित कर संलग्न किया गया है अवधि के देयक के साथ संलग्न ईपीएफ के चालान को बगैर सत्यापित किए देयको को पारित किया गया। फलस्वरूप ठेकेदार मैसर्स मैट्रिक्स सर्विसेज अंबिकापुर को 29,48,036/- का अधिक भुगतान किया गया। इस प्रकार उक्त प्रकरण में शासन के विद्युत कंपनी को लगभग 1,62,00,819/- एक करोड़ बासठ लाख आठ सौ उन्नीस की क्षति हुई। तीनों प्रकरणों में वास्तविक उपस्थिति पत्रक एवं ई पी एफ, ई एस आई सी के दस्तावेजों के बगैर सत्यापन के देयक पारित करने से फर्म को लगभग 1,82,86,907/- एक करोड़ बयासी लाख छीयासी हजार नौ सौ सात रुपए का अधिक भुगतान होना दृष्टिगत होता है उपरोक्त फर्जी भुगतान करने वाले अधिकारी एवं ठेकेदार की मिलीभगत साजिश है तथा कूटरचित दस्तावेजों को प्रस्तुत कर शासकीय राशि का सुनियोजित तरीके से गबन किया गया है जो कि कार्यपालन निदेशक की जांच प्रतिवेदन से प्रमाणित है इस कारण भुगतान करने वाले अधिकारी एवं ठेकेदार के विरुद्ध धारा 409, 420,467,468, 120बी भा0द0वि0 के तहत अपराध पंजीबद्ध किए जाने हेतु थाना अंबिकापुर में डीके सोनी अधिवक्ता एव आर टीआई कार्यकर्ता के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया। तथा प्रथम सूचना पत्र दर्ज कर कार्यवाही किए जाने का निवेदन किया गया,

# एक महीने के भीतर 13 नाबालिगों को पुलिस ने किया बरामद



- संवाददाता -
अंबिकापुर,05 मई 2023
(घटती-घटना)।

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज राम गोपाल गर्ग के सतत मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक सरगुजा भावना गुप्ता के निर्देशन ने गुम नाबालिग बालक , बालिकाओं के दस्तायात्री हेतु विशेष अभियान गुंज% चलाकर नाबालिगो को बरामद करने के दिशा निर्देश अपराध समीक्षा बैठक के दौरान दिए गए थे, इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, प्रशिक्षु आईपीएस चिराग जैन के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था, विशेष टीम में प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक डॉ प्रशांत देवांगन एवं पुलिस टीम गुम नाबालिगो के मामली में दस्तायाबी हेतु लगातार प्रयासरत थी।जो मामलो में त्वरित कार्यवाही करते हुए विशेष गठित टीम द्वारा जिले में दरिमा, सीतापुर, अन्य जिले रायगढ़, सूरजपुर तथा अन्य राज्य झारखण्ड एवं महाराष्ट्र दस्तायाबी हेतु रवाना हुई थी, जो पुलिस टीम के सतत प्रयास से गुंज अभियान अंतर्गत 1 महीने के भीतर 13 गुम नाबालिग बालिकाओं, बालको की दस्तयाबी की गई हैं. दस्तायाब नाबालिगों में 12 बालिका एवं 1 बालक हैं. सभी प्रकरणों में सरगुजा पुलिस द्वारा मामले में सदर धारा 363 भा.द.वि. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था, जिसमे 05 प्रकरणों में 05 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया हैं, पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा विशेष पुलिस टीम के 14 सदस्यों को नगद राशि 7000 एवं प्रशस्ती पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।सम्पूर्ण कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक विनय सिंह, शिवचरण साहू, संजय तिवारी, अभिषेक पाण्डेय, महेंद्र सिंह, रामधनी राम, प्रधान आरक्षक अमित सिंह, जितेंद्र भगत, रामधानी राम, नरेंद्र जांगड़े, रविश लकड़ा, महिला आरक्षक संगीता बड़ा, अंजू एक्का, आरक्षक विकाश मिश्रा, अशोक यादव शामिल रहे।

# थाना विश्रामपुर पुलिस ने किया अंधे कत्ल का खुलासा,किया 2 आरोपी को गिरफ्तार

- संवाददाता -
सूरजपुर,05 मई 2023 (घटती-घटना)।

दिनांक 02.05.23 को थाना विश्रामपुर पुलिस को सूचना मिला कि ग्राम कमलापुर खदान पोखरी के पानी में लक्ष्मणपुर निवासी सुन्दर साय का शव मिला है कि सूचना पर पुलिस फौरन मौके पर पहुंची जहां एक बोरी में शव पड़ा मिला। सूचक सुमरत राजवाड़े की मौखिक सूचना पर शून्य में मर्ग कायमी कर शव पंचनामा किया गया। सूचक ने बताया कि इसका भाई सुन्दर साय की पत्नी का देहांत हो गया है, 30 अप्रैल को भतीजा श्यामनगर आकर बताया कि पिता घर में नहीं है जिसकी पता तलाश करने के दौरान 2 मई को कमलापुर के खदान पोखरी में सुन्दर साय का शव प्लास्टिक बोरी में बंद हालत में पाया गया, कोई अज्ञात व्यक्ति भाई को हत्या कर प्लास्टिक बोरी में बांध कर शव को फेक दिया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 81/23 धारा 302, 201, 34 भादसं. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया।

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज श्री राम गोपाल गर्ग (भा.पु.से.) के सतत् मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के मार्गदर्शन में थाना विश्रामपुर पुलिस के द्वारा




मामले की बारीकी से विवेचना की गई। विवेचना के दौरान गवाहों के कथनों से पाया गया कि भगमेन बाई का सोमार साय राजवाड़े से प्रेम संबंध चल रहा था इसके पूर्व मृतक सुन्दर साय का भी प्रेम संबंध भगमेन से चला आ रहा था। दोनों भगमेन के घर आना-जाना करते थे।

जिसके बाद संदेही सोमार साय व भगमेन से घटना के बारे में पूछताछ करने पर टालमटोल करते रहे, कड़ाई से पूछताछ पर बताए कि 25 अप्रैल के रात्रि में सुन्दर साय भगमेन के घर आया दरवाजा खटखटाया तो वह अपनी घर से निकली तो सुन्दर मुर्गा और शराब रखा था उसने कहा कि पण्डाल के पास खाते पीते है, इसके पश्चात् भगमेन ने सोमारसाय को फोन कर वहां बुलाया, तीनों वहां खाए-पीए इसी दौरान सोमार साय व सुन्दर साय में भगमेन के यहां आने-जाने की बात को लेकर झगड़ा-विवाद हो गया इसी दौरान सोमार साय ने सुन्दर को पटक दिया और हाथ मुक्का से मारपीट किया जिस कारण वह छटपटाने लगा हल्ला करने पर भगमेन उसका हाथ पकड़ ली और मुंह को दबा दी जिस कारण सुन्दर की मृत्यु हो गई। हत्या के बाद सोमारसाय एक प्लास्टिक बोरी लेकर आया और बोरी में सुंदर के शव को भरकर कमलापुर के खदान पोखरी में फेक दिया। मामले में आरोपी सोमार साय राजवाड़े पिता रूप नारायण राजवाड़े उम्र 26 वर्ष निवासी कमलापुर व भगमेन बाई पति सुकुल उम्र 40 वर्ष निवासी कमलापुर, थाना विश्रामपुर के विरूद्ध अपराध सबूत पाए जाने पर दोनों को गिरफ्तार किया गया।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी विश्रामपुर के.डी.बनर्जी, निरीक्षक अनिता प्रभा मिंज, एएसआई सोहन सिंह, रंजीत सोनवानी, प्रधान आरक्षक विकास सिंह, अविनाश सिंह, इन्द्रजीत सिंह, अगाथा लकड़ा, पुष्पा रवि, आरक्षक दीपक दुबे, ललन सिंह, योगेश्वर कंवर, मनोज शर्मा, हेरमेन टोप्पो, उमेश राजवाड़े, रविशंकर पाण्डेय, महिला आरक्षक तेरेसा तिग्गा, पिंकी सोनवानी सक्रिय रहे।

# आम नागरिकों में जागरूकता उत्पन्न करने के साथ-साथ दी गई विधिक की जानकारी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,05 मई 2023
(घटती-घटना)।

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज राम गोपाल गर्ग के सतत मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक सरगुजा भावना गुप्ता के निर्देशन मे ग्राम स्तर पर आमनागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से थाना क्षेत्र के सरपंचों, उपसरपंचो की बैठक आयोजित कर प्रत्येक ग्राम मे जागरूकता अभियान चलाने के दिशा निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सीतापुर ध्रुवेश जायसवाल के नेतृत्व मे थाना प्रभारी बतौली निरीक्षक फरदीनंद कुजूर ने जनप्रतिनिधियों को बाहरी व्यक्तियों के गांव आकर निवास करने पर ग्रामीण स्वयं जागरूक होकर मुसाफिर व्यक्तियों की जानकारी पंचायत एवं थाना को देवे एवं



ग्राम के सरपंच एवं उपसरपंच ग्राम स्तर पर मुसाफिरो की जानकारी रखना सुनिश्चित करें ऐसे प्रबंधों से थाना छेत्र मे अपराध मे प्रभावी कमी लायी जा सकेगी एवं थाना क्षेत्र में पास्को एक्ट, साइबर क्राइम जैसे अपराधों के नियंत्रण हेतु ग्राम सभा एवं ग्राम पंचायतों के माध्यम से जागरूकता उत्पन्न करें। साइबर क्राइम के लिए विशेष रुप ग्राम वासियों को जागृत करने की आवश्यकता हैं, सभी मोबाइल धारकों को यह बताने की जरूरत है कि अनजान नंबरों से आए हुए फोन, वॉइस कॉल अथवा विडिओ कॉल पर बात ना करें और किसी भी प्रकार का ओटीपी किसी व्यक्ति को ना देकर ठगी की घटना से बचे। बैठक के दौरान थाना प्रभारी बतौली फरदीनन्द कुजूर एवं थाना बतौली के अधिकारी कर्मचारी सहित थाना छेत्र के ग्राम के सरपंच और उपसरपंच बैठक मे शामिल रहे।

# सडक़ दुर्घटना में घायल युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,05 मई 2023
(घटती-घटना)।

वाड्रफनगर से करीब 3 किमी आगे जंगल में 2 मई को अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गई थी। दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। गंभीर रूप से जख्मी एक युवक की मौत इलाज के दौरान मेडिकल कॉलज अस्पताल में हो गई। ये सभी शादी में शामिल होकर लौट रहे थे।




जानकारी के अनुसार आशीष चक्रधारी पिता द्वारिका प्रसाद उम्र 27 वर्ष प्रतापपुर थाना क्षेत्र के गाम खडग़वां का रहने वाला था। वह शादी में शामिल होने अखोरा गया था। अखोरा से बारात यूपी गया था। बारात वापसी के दौरान 2 मई को वाड्रफनगर से करीब 3 किमी आगे जंगल में कार अनियंत्रित हो गई और सडक़ किनारे पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में आशीष व एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए वाड्रफनगर स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। यहां स्थिति को गंभीर देखते हुए आशीष को चिकित्सकों ने अंबिकापुर रेफर कर दिया। परिजन उसे इलाज के लिए जेजे अस्पताल में भर्ती करवाया। स्थिति में सुधार नहीं होने पर परिजन ने उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया। यहां इलाज के दौरान 4 मई की शाम को उसकी मौत हो गई।

# पढ़ाई अच्छे से हो उसके लिये मन की स्थिरता,एकाग्रता और शांति की आवश्यकता है : ब्रह्माकुमारी विद्या दीदी

» यदि अभी से व्यक्तित्व अच्छा होगा, तो सभी जगह पर आपके गुणों से आपका तारीफ होता रहेगा- जिला शिक्षा अधिकारी अम्बिकापुर भ्राता श्री संजय गुहे जी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,05 मई 2023
(घटती-घटना)।








प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शिक्षाविद सेवा प्रभाग द्वारा नव विश्व भवन चोपड़ापारा, अम्बिकापुर में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिये आयोजित उमंग समर कैम्प 2023 का अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर भव्य उद्घाटन किया गया।

इस शुभ भ अवसर जिला शिक्षा अधिकारी अम्बिकापुर भ्राता संजय गुहे जी छात्रों को सफलता का सूत्र बताते हुये कहा कि यदि अभी से व्यक्तित्व अच्छा होगा, तो सभी जगह पर आपके गुणों से आपका तारीफ होता रहेगा। जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिये उस कार्य को पहले ही दिन से शुरू करना है भले ही उसे धीरे- धीरे करे परन्तु उसका अभ्यास रोज करेंगे तो निश्चित रूप से ही सफलता प्राप्त कर पायेंगे। और उन्होंने छात्रों से आग्रह करते हुये कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा सिखाये जा रहे इस अनोखे मेडिटेशन को आज से ही करना शुरू करेंगे तो महान लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल होंगें।

इस कार्यक्रम के प्रेरणास्त्रोत एवं सरगुजा संभाग की ब्रह्माकुमारीज़ संस्था की सेवाकेन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी विद्या दीदी छात्रों को उमंग समर कैम्प का उद्देश्य स्पष्ट करते हुये कहा कि जीवन में नैतिक मूल्यों एवं गुणों को धारण कर धैर्यवान, सहनशील, हर्षितमुख बनकर विभिन्न परिस्थितियों का सामना कर उस पर जीत प्राप्त कर आगे बढ़े, और जीवन को मूल्यवान, गुणवान बनायें। वर्तमान समय पढ़ाई अच्छे से हो उसके लिये मन की स्थिरता, एकाग्रता और शांति की आवश्यता है, उसे कैसे प्राप्त करें, और मन को सशक्त, शक्तिशाली और साथ ही साथ बुद्धि को दिव्य कैसे बनाये उसकी विधि इस समर में बताया जायेगा। उन्होंने छात्रों को आगे बताया कि यहाँ जो मेडिटेशन सिखाया जायेगा वो आप लोगों के केवल विद्यार्थी जीवन में ही नहीं बल्कि आने वाले समय के लिये भी एक अमूल्य धरोहर के रूप में साबित होगा। जिसके बल से अनेक विकट परिस्थितियों पर सामना करने की शक्ति जागृत हो जायेगी। आगे उन्होंने अनेक उदाहरणों के माध्यम से छात्रों को समझाते हुये कहा कि मन की शक्ति और मन की एकाग्रता खत्म होने का कारण है, हमने अपने मन को डस्टबिन बना दिया है, इसलिये जीवन में आध्यात्मिकता को धारण करने से मन खुशनुमा बनेगा तथा इसके साथ ही साथ सुबह से लेकर रात तक की दिनचर्या को सेट करने से ही जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे और सफलता को प्राप्त करेंगे। शिक्षा समिति का अध्यक्ष, तिरंदाजी संघ के जिला अध्यक्ष भ्राता शैलेष सिंगदेव जी ने बच्चों को मोटिवेट करते हुये कहा कि बच्चों को एक अच्छा इंसान बनने का लक्ष्य रखना चाहियें। क्योंकि आप बच्चे ही कल के भविष्य है इसलिये अच्छे मूल्यों को जीवन में धारण कर होवहनहार बच्चे बनों। बच्चों को अपने माता- पिता, गुरू का और अपने से बड़ो का बात मानना चाहिये और उनसे आदर व सम्मान पूर्वक व्यवहार करने से वो हमारा मदद हर समय करते है जिससे हम आगे बढ़ते ही जायेंगे। और आगे बच्चों को सावधान करते हुये कहा कि विज्ञान ने हम लोगों को वरदान के रूप में तकनीकी संसाधान मोबाइल फोन दिया है, तो उसे वरदान के रूप में ही उपयोग करें, उसका दुरूपयोग ना करें। केआर टेक्निकल कॉलेज की डायरेक्टर बहन रीनू जैन जी ने बच्चों के अन्दर आत्म विश्वास बढ़ाने की कला को बताते हुए कहा कि छात्रों को धैर्यता और विश्वास के साथ जीवन जीना चाहिये। इस बात को उन्होंने अनेक महापुरूषों के प्रैक्टिकल जीवन का एग्जाम्पल देते हुये बच्चों का बताया और कहा कि यदि जीवन में कोई परिस्थिति आती है, तो वो हमें हराने या टोडने के लिए नहीं आती है बल्कि हमारे अन्दर की प्रतिभाओं को निखारने के लिये आती है और हमें सशक्त बनाती है। डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल लखनपुर प्रिसिंपल भ्राता विनय कुमार श्रीवास्तव जी ने कहा कि बच्चें बहुत मासूम होते है उनके अंदर बहुत सारी अच्छे विशेषतायें होती है वो अपने अन्दर के अच्छे गुणों को धारण करे और समय का सदुपयोग करें तो भविष्य बहुत ही श्रेष्ठ होगा।

समाजिक कार्यकर्ता भ्राता विष्णु प्रताप अग्रवाल जी ने बच्चों के प्रति चिंता प्रकट करते हुये कहा कि जिस प्रकार आज के बच्चे मोबाइल और कम्प्यूटर को फिट करने में मास्टर बनते जा रहे है यदि उसी प्रकार अपने मन को फिट करने में मास्टर बन जाये तो इनका भविष्य उज्जवल बन जायेगा। यह समर कैम्प आज से 14 मई 2023, सुबह 8:30 से 10:30 बजे तक चलेगा। जिन बच्चों ने समर कैम्प में रजिस्ट्रेन नहीं कराया है वे कल भी आकर रजिस्ट्रेन कराके कैंप में भाग ले सकते हैं। कार्यक्रम का शुभारम्भ अदिति और सोनाली ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर किया। समर कैम्प में अम्बिकापुर के सभी शासकीय और निजी स्कूलों के बच्चो ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया। बीके प्रतिमा बहन ने छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुये कहा कि यहाँ जो बाते बतायी जा रही उसे बहुत ध्यान से और एक्टिव हो सुन, उसे जीवन आत्मसात करें। और उन्होने बच्चों को नियमित दिनचर्या बनाने के लिये कुछ महत्वपूर्ण बातें बतायी और बच्चों से आग्रह किया कि यह इस चार्ट को सभी को फालो करना है। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रतिमा बहन ने किया।

# राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने अपने संदेश में एकता का किया आह्वान,988 कैदियों को दिया क्षमादान

**कोलंबो,05 मई 2023।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने शुक्रवार को अभूतपूर्व आर्थिक संकट के कारण कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहे श्रीलंकाई लोगों से एक समृद्ध राष्ट्र के पुनर्निर्माण के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। वेसाक पोया दिवस (ड्ढ़ह्यड्ड क्क4ड्ड ष्ठड्ड4) के अवसर पर अपने संदेश में नकदी की तंगी से जूझ रहे देश के राष्ट्रपति और वित्त मंत्री विक्रमसिंघे ने कहा कि भगवान बुद्ध का कालातीत दर्शन सांत्वना का स्रोत बन गया है।

वेसाक पोया दिवस भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान और मृत्यु का स्मरण कराता है। कहा जाता है कि उनके जीवन की ये तीन घटनाएं एक ही तारीख को घटी थीं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में सभी लोगों से मतभेदों से ऊपर उठने और इस %कठिन समय% में एकजुट होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, ÷देश के अभूतपूर्व आर्थिक संकट के इस मोड़ पर बुद्ध का कालातीत दर्शन सांत्वना का स्रोत बन गया है।÷



विक्रमसिंघे ने कहा, इसलिए संकट के इस समय में सभी मतभेदों से ऊपर उठकर एकता और सेवा में एक साथ जुड़ना अत्यावश्यक है। जैसा कि बुद्ध ने सामान्यता के जीवन को आगे बढ़ाने के लिए खतरों को दूर करने का समर्थन किया था।

### 988 कैदियों को दिया क्षमादान

न्यूजफर्स्ट न्यूज पोर्टल ने शुक्रवार को बताया कि राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने इस अवसर पर द्वीप की जेलों में मामूली अपराधों के लिए सजा काट रहे 988 कैदियों को क्षमादान दिया। सरकार द्वारा संचालित डेली न्यूज अखबार ने बताया कि कोलंबो में भारतीय उच्चायोग ने उत्सव के दौरान भारत की समृद्ध बौद्ध विरासत पर एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया। विक्रमसिंघे ने भारतीय उच्चायुक्त गोपाल बागले, वरिष्ठ मंत्रियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ वेसाक महोत्सव के मौके पर प्रदर्शनी का दौरा किया। यह प्रदर्शनी बुधवार को राष्ट्रपति सचिवालय, प्रधानमंत्री कार्यालय और गंगारामया मंदिर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रदर्शनी में विश्व प्रसिद्ध यूनेस्को विरासत स्थल भारत की अजंता की गुफाओं के फेस्को चित्रों के डिजिटल मनोरंजन को प्रदर्शित किया गया, जिसमें भगवान बुद्ध के जीवन और जातक कथाओं के महत्वपूर्ण प्रसंगों को दर्शाया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस प्रदर्शनी को 20 और 21 अप्रैल को नई दिल्ली में आयोजित पहले वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन में भी प्रदर्शित किया गया था। यह प्रदर्शनी 5 से 7 मई तक जनता को देखने के लिए खुली है।



# नेपाल में निजी हेलिकॉप्टर दुर्घटना में तीन घायल, पायलट की हालत गंभीर

**नई दिल्ली,05 मई 2023।** नेपाल का एक निजी हेलिकॉप्टर सेवा प्रदाता का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह घटना शुक्रवार को पूर्वी नेपाल में घटी, जिसमें एक पायलट समेत तीन लोग घायल हो गए।

दुर्घटना संखुवासभा जिले के भोटेखोला नदी के पास हुई, जब निर्माण सामग्री ले जा रहा हेलिकॉप्टर जलमार्ग के पास एक पेड़ से टकरा गया।

सूत्रो के अनुसार- ÷दुर्घटना शुक्रवार की दोपहर को हुई, जिसमें सिमरिक एयर हेलिकॉप्टर के पायलट समेत तीन लोग घायल हो गए। पायलट सुरेंद्र पांडेय गंभीर रूप से घायल है। घायलों को इलाज के लिए काठमांडू ले जाया गया है।÷

हेलिकॉप्टर काठमांडू से संखुवासभा अरुण थ्री हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट का निर्माण सामग्री ले जा रहा था। इस हेलिकॉप्टर में कुल पांच लोग सवार थे और दोपहर डेढ़ बजे भोटेखोला ग्रामीण नगर पालिका के पास सिपरिंग में हेलिकॉप्टर उतारने के समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

# बिना पूरी तैयारी के फिर राष्ट्रपति चुनाव लड़ने का एलान कर दिया जो बाइडन ने?

**वॉशिंगटन,05 मई 2023।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने 2024 के चुनाव में फिर से उम्मीदवार बनने का एलान तो कर दिया है, लेकिन उसके लिए उनकी तैयारी फिलहाल कमजोर दिख रही है। मीडिया रिपोर्टों में बाइडन के दोबारा चुनाव लड़ने संबंधी तैयारी की तुलना 2012 के चुनाव से पहले तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा की तैयारियों से की गई है। 2011 में मई तक ओबामा की तैयारियां जोर पकड़ चुकी थीं। डेमोक्रेटिक पार्टी के ओबामा दोबारा निर्वाचित होने वाले अब तक आखिरी राष्ट्रपति थे। उनके बाद राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रंप दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव नहीं जीत सके।



वेबसाइट एक्सियोस.कॉम ने अपने एक विश्लेषण में कहा है कि बाइडन ने बिना अपनी प्रचार टीम बनाए दोबारा मैदान में उतरने का एलान कर दिया है। उनके पास वैसा संगठन नहीं है, जो पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप का मुकाबला कर सके। ट्रंप ने अपनी उम्मीदवारी का एलान छह महीने पहले कर दिया था। इस वेबसाइट की रिपोर्ट के मुताबिक 'बाइडन 2024' कैंपेन टीम में अभी सिर्फ दो पूर्णकालिक कर्मचारी हैं। कैंपेन मैनेजर के रूप में जूली शावेज रोड्रिग्ज को नियुक्त किया गया है। लेकिन अभी दो और हफ्तों तक ये जिम्मेदारी नहीं संभाल सकेंगी। जानकारों के मुताबिक इसलिए 'बाइडन 2024' कैंपेन टीम में निर्णय लेने की प्रक्रिया पूरी तरह ठहरी हुई है।

बीते 25 अप्रैल को बाइडन के दोबारा चुनाव लड़ने की घोषणा करने के तुरंत बाद ब्लूमबर्ग ने खबर दी थी कि बाइडन की टीम तुरंत चंदा जुटाने का अभियान शुरू करने जा रही है। लेकिन एक हफ्ता गुजरने के बाद तक इस बारे में कोई सूचना नहीं है कि टीम ने कितना चंदा इकट्ठा किया है। इस बारे में पूछने पर कैंपेन टीम के प्रवक्ता ने वेबसाइट एक्सियोस कहा कि इस बारे में ब्योरा जून के अंत में जारी किया जाएगा। जानकारों के मुताबिक ऐसा लगता है कि बाइडन चंदे और कर्मचारियों के लिए अपनी पार्टी पर निर्भर हैं। जबकि अमेरिका आम तौर पर उम्मीदवार अपनी टीम बना कर काम आगे बढ़ाते हैं।

बाइडन की टीम ने अभी तक यह एलान नहीं किया है कि उसकी तरफ से चंदा जुटने वाली टीम का नेतृत्व कौन करेगा। विश्लेषकों के मुताबिक बाइडन की टीम अभी चंदे के बारे में ब्योरा देने से इनकार कर रही है, जबकि चार साल पहले बाइडन के उम्मीदवारी की घोषणा करने के 24 घंटों के अंदर ऊनकी टीम ने 63 लाख डॉलर का चंदा जुटा लेने की जानकारी दे दी थी।

# तो अब चीन में सबको डिजिटल करेंसी में ही मिलेगी सैलरी! मोबाइल पेमेंट सेवाओं से है मुकाबला

**बीजिंग , 05 मई 2023।** अब चीन में और अधिक संख्या में सरकारी कर्मचारियों को पूरी सैलरी डिजिटल करेंसी में मिलेगी। अभी तक सिर्फ कुछ बैंक कर्मचारियों को ही उनकी सारी तनख्वाह का भुगतान डिजिटल युआन (चीन की मुद्रा) में किया जा रहा था। चीन सरकार ने अब डिजिटल करेंसी को प्रोत्साहित करने को अपनी प्राथमिकता बना ली है। इसके लिए विभिन्न प्रातों को क्रमिक रूप से सारा भुगतान डिजिटल मुद्रा में करने को कहा गया है।

जियांसु प्रांत के शहर चांगशू शहर में इसी महीने से सार्वजनिक क्षेत्र के सभी कर्मचारियों की सैलरी डिजिटल रूप में ट्रांसफर की जाएगी। ढाई साल पहले चीन डिजिटल करेंसी लॉन्च करने वाला दुनिया का पहला देश बना था। लेकिन चीन सरकार देश के अंदर डिजिटल युआन का इस्तेमाल करने के लिए ज्यादातर लोगों को प्रेरित नहीं कर पाई है। डिजिटल करेंसी का मुकाबला मोबाइल पेमेंट सेवाओं से है।

जानकारों के मुताबिक लोगों को मोबाइल पेमेंट की आदत लगी हुई है, इसलिए उन्होंने डिजिटल करेंसी को नहीं अपनाया है। अब चीन सरकार को आशा है कि सार्वजनिक क्षेत्र के सभी कर्मचारियों को डिजिटल युआन के जरिए सैलरी देने से इस मुद्रा का उपयोग बढ़ेगा। चांगशू शहर की आबादी 15 लाख है। वह सुझोउ मेट्रोपॉलिटन एरिया का उपनगर है। पिछले साल जून से सितंबर तक इस शहर में 4,900 से अधिक कर्मचारियों को डिजिटल युआन में सैलरी दी गई। इस शहर में ऐसे कुल कर्मचारियों की संख्या 15 हजार से ऊपर है। अब सबको हर महीने डिजिटल युआन में उनका वेतन मिलेगा।



वेबसाइट निक्कईएशिया.कॉम की एक रिपोर्ट के मुताबिक डिजिटल युआन के जरिए तनख्वाह देने के क्रम में पूरी रकम कर्मचारियों के डिजिटल वॉलेट में ट्रांसफर कर दी जाती है। इस प्रक्रिया में सरकारी एजेंसियों और बैंकों को सिर्फ कर्मचारियों के नाम और मोबाइल फोन नंबर अपने रजिस्टर में रखने पड़ते हैं। अधिकारियों का कहना है कि सीधे बैंक में सैलरी भेजने की तुलना में डिजिटल रूप में सैलरी ट्रांसफर करने पर प्रशासनिक खर्च में भारी कमी आती है।


डिजिटल युआन का संचालन पीपुल्स बैंक ऑफ चाइन (पीबीओसी) की देखरेख में होता है। यह चीन का सेंट्रल बैंक है। चीन में डिजिटल करेंसी के बारे में अनुसंधान 2014 में शुरू हुआ था। 2020 में शेंझेन प्रांत में इसे प्रायोगिक तौर पर लॉन्च किया गया। मार्च 2022 तक 15 प्रांतों के 23 क्षेत्रों में इसका परीक्षण किया जा चुका था।

विशेषज्ञों के मुताबिक डिजिटल युआन का प्रचलन बढ़ने पर पीबीओसी को बहुत फायदा होगा। तब पीबीओसी अविलंब पूरे डाटा का परीक्षण कर पाएगा। इससे उसे मौद्रिक नीति बनाने में मदद मिलेगी। पीबीओसी को आशा है कि डिजिटल युआन का प्रचलन बढ़ने पर गैर कानूनी ढंग से सीमा पार धन भेजने और मनी लॉन्ड्रिंग पर रोक लगाई जा सकेगी।

इन अपेक्षित लाभों के बावजूद साल 2022 के अंत तक सिर्फ 13.61 बिलियन युवान डिजिटल रूप में प्रचलन में थे। पीबीओसी के मुताबिक यह देश में कुल प्रचलित युवान का सिर्फ 0.13 फीसदी हिस्सा है। इसीलिए अब चीन सरकार ने डिजिटल युआन को प्रचलित करने में अपनी पूरी ताकत झोंकने का निर्णय लिया है।

# भारतीय मूल के व्यक्ति पर राष्ट्रपति को फांसी देने की मांग करने का आरोप

**नई दिल्ली , 05 मई 2023।** भारतीय मूल के 32 वर्षीय एक व्यक्ति पर शुक्रवार को सिंगापुर की राष्ट्रपति हलीमा याकूब को संसद भवन बाहर फांसी देने की मांग करते हुए ऑनलाइन पोस्ट करने का आरोप लगा है। द स्ट्रेट्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, विकरेमन हार्वे चेट्टियार, जो पहले शरारत और उत्पीड़न के आरोप में जमानत पर बाहर थे ने कथित तौर पर 30 अप्रैल को एक इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति हलीमा को संसद भवन के पास फांसी दी जानी चाहिए। विकरेमन 10,000 सिंगापुरी डॉलर की जमानत पर बाहर थे जब उन्होंने कथित तौर पर राष्ट्रपति हलीमा के बारे में पोस्ट किया था।



### पहले की कई हंगामों में शामिल रह चुका है विकरेमन

कथित तौर पर उनका कई मौकों पर हंगामा करने का इतिहास रहा है, जिसमें 3 फरवरी, 2020 को सुप्रीम कोर्ट की इमारत में हंगामा भी शामिल है। 15 नवंबर, 2021 को, विकरेमेन ने कथित तौर पर एक पुलिस जांच अधिकारी को धमकी दी थी और कहा था कि आतंकवादी पुलिस डिवीजनल मुख्यालय पर हमला करेंगे।

### उप लोक अभियोजक शॉन लिम ने जमानत रद्द करने का दिया था आवेदन

खबर में कहा गया है कि उप लोक अभियोजक शॉन लिम ने राष्ट्रपति हलीमा से जुड़े ताजा आरोप के कारण विकरेमन की जमानत रद्द करने के लिए आवेदन किया था क्योंकि यह उनकी जमानत की शर्तों का उल्लंघन हो सकता है। लिम ने जिला न्यायाधीश को बताया कि हिरासत के दौरान विकरेमन के व्यवहार में बदलाव दिखा था और उसे मानसिक स्वास्थ्य संस्थान (आईएमएच) में भेजने के लिए कहा गया था। दावा किया है कि विकरेमेन ने कहा था, ÷मुझे पता है कि सिंगापुर में सतर्कता असामान्य है, लेकिन मुझे यह भी उम्मीद है कि कोई न कोई कदम उठाएगा!

### मामले को 19 मई तक के लिए स्थगित कर दिया है

उन्हें मेडिकल जांच के लिए आईएमएच में भेजने का आदेश दिया गया है और उनके मामले को 19 मई तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। खबर में कहा गया है कि उनकी जमानत से जुड़े मामलों पर बाद में विचार किया जाएगा। राष्ट्रपति हलीमा से जुड़े उत्पीड़न के आरोप में दोषी पाए जाने पर उन्हें एक साल तक की जेल और 5,000 सिंगापुरी डॉलर तक का जुर्माना हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सिंगापुर के कानून के अनुसार ऐसी शरारत करने वाले को एक साल तक की जेल और जुर्माना हो सकता है।

# अमेरिका में भारतीय मूल के व्यक्ति ने अपने ही हमवतन दो लोगों को मारी गोली; पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

**नई दिल्ली , 05 मई 2023।** अमेरिकी राज्य ओरेगन में भारतीय मूल के एक व्यक्ति ने अपने ही हमवतन दो भाईयों की गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना बुधवार की है जब 21 वर्षीय जोबनप्रीत सिंह ने पोर्टलैंड शहर के स्ट्रिप मॉल में 20 वर्षीय दो भाईयों पर गोली चला दी। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने मृतकों की पहचान सार्वजनिक नहीं की है, लेकिन मॉल के पास तंबाकु बेचने वाले कमल सिंह ने बताया कि वो दोनों उसके चचेरे भाई हो सकते हैं।

पुलिस ने बताया कि जोबनप्रीत सिंह को प्रथम श्रेणी की हत्या के दो मामलों में घटनास्थल पर ही हिरासत में लिया गया था। उसके खिलाफ हिरासत केंद्र में मामला भी दर्ज कर लिया गया है। सड़क किनारे एक दुकान में काम करने वाले तनुस एलन ने कहा कि वह अपने स्टोर में बैठा था जब उसने तर्क करने और चिल्लाने की आवाजे सुनी थी। उन्होंने बताया- ÷इसके तुरंत बाद ही मैंने गोली चलने की भी आवाज सुनी और दो लोगों को गिरते हुए देखा।÷




इस हत्या ने एक साल में राज्य भर में मानव हत्या की संख्या को बढ़ाकर 30 तक पहुंचा दिया है। पिछले साल मानव हत्या से मरने वालों की संख्या 35 थी।

# किंग चार्ल्स थर्ड के राज्याभिषेक में पीएम ऋषि सुनक पढ़ेंगे बाइबिल,समारोह में शामिल होने धनखड़ पहुंचे लंदन

**लंदन,05 मई 2023।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्रियों द्वारा राजकीय अवसरों पर संदेश पढ़े जाने की हालिया परंपरा को ध्यान में रखते हुए ऋषि सुनक शनिवार को महाराज चार्ल्स तृतीय के राज्याभिषेक के अवसर पर 'कुलुस्सियों की बाइबिल' पुस्तक से संदेश पढ़ेंगे। सुनक भारतीय मूल के ब्रिटेन के पहले प्रधानमंत्री और हिंदू धर्म को मानने वाले हैं। छह मई को यहां वेस्टमिंस्टर एब्बे में होने वाले ईसाई समारोह में बाइबिल संबंधी संदेश के उनके संबोधन से बहु-धार्मिक विश्वास की गूंज सुनाई देगी।

कैंटरबरी के आर्कबिशप रेवरेंड जस्टिन वेल्बी के कार्यालय लैम्बेथ पैलेस ने कहा कि अन्य धर्मों में आस्था रखने वाले सदस्य पहली बार यहां सेवा में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इसने कहा, ब्रिटिश प्रधानमंत्रियों द्वारा राजकीय अवसरों पर संदेश पढ़ने की हालिया परंपरा के बाद मेजबान राष्ट्र की सरकार के प्रमुख के रूप में इसे प्रधानमंत्री ऋषि सुनक द्वारा पढ़ा जाएगा। लैम्बेथ पैलेस ने कहा, कैंटरबरी के आर्कबिशप ने इस राज्याभिषेक के लिए एक नया काव्य पत्र चुना है। यह दूसरों के लिए सेवा के विषय और सभी लोगों और सभी चीजों पर ईसा मसीह के प्रेमपूर्ण शासन को प्रतिबिंबित करने के लिए चुना गया है, जो इस समारोह में ईसाइयों की प्रार्थना करने की रीति के माध्यम से दर्शाया जाएगा।

लंबे समय से चली आ रही परंपरा के अनुसार, कैंटरबरी के आर्कबिशप ने एक नई धर्मविधि या उस रूप को अधिकृत किया है जिसके अनुसार हर राज्याभिषेक के लिए एक सार्वजनिक धार्मिक पूजा होती है। प्रथा के केंद्र में राजा द्वारा ली जाने वाली तीन शपथ में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। इसमें ÷प्रोटेस्टेंट सुधारित धर्म÷ को बनाए रखने का शपथ लेना भी शामिल है।

ईसाइयों की प्रार्थना का पूरा विषय ÷काल्ड टू सर्व÷ है, जिसका उद्देश्य इस प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करना है कि राजा भगवान और ब्रिटेन के लोगों की सेवा करेगा। जस्टिन वेल्बी ने कहा, मुझे खुशी है कि सेवा हमारे देश के महान इतिहास, हमारे रीति-रिवाजों और हमसे पहले आए लोगों के बारे में बात करते हुए परंपरा को मान्यता देगी और उसका जश्न मनाएगी। साथ ही, सेवा में नए तत्व शामिल हैं जो हमारे समकालीन समाज की विविधता को दर्शाते हैं।



लैम्बेथ पैलेस ने पुष्टि की कि रेगलिया की प्रस्तुति हाउस ऑफ लॉर्ड्स के सदस्यों द्वारा की जाएगी और पहली बार कुछ ऐसी वस्तुएं जिनका कोई ईसाई अर्थ या प्रतीकवाद नहीं है उन साथियों द्वारा प्रस्तुत की जाएंगी जो विभिन्न धर्मों की परंपराओं से संबंधित हैं। जैसे- यहूदी धर्म, इस्लाम, हिंदू धर्म और सिख धर्म।

ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय अपने नाना जॉर्ज-षष्टम की गद्दी पर बैठेंगे

ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय शनिवार को यहां वेस्टमिंस्टर एब्बे में होने वाले अपने ऐतिहासिक राज्याभिषेक के दौरान उस गद्दी पर बैठेंगे, जिसका इस्तेमाल 86 वर्ष पहले उनके नाना जॉर्ज-षष्टम की ताजपोशी के समय किया गया था। शाही परंपरा के अनुसार एब्बे में राज्याभिषेक के विभिन्न चरणों के दौरान पारंपरिक गद्दियों और सिंहासनों का उपयोग किया जाता है। राज्याभिषेक के दौरान महाराजा चार्ल्स और उनकी पत्नी महारानी कैमिला अलग-अलग क्षणों में 'सेंट एडवर्ड्स चेयर', 'चेयर्स ऑफ स्टेट' और 'थ्रोन चेयर्स' पर बैठेंगे।

'थ्रोन चेयर्स' का इस्तेमाल 12 मई, 1937 को किंग जॉर्ज षष्टम और महारानी एलिजाबेथ के राज्याभिषेक के लिए किया गया था। बकिंघम पैलेस ने कहा, ÷शाही जोड़े ने पारंपरिक वस्तुओं के महत्व को बरकरार रखते हुए पिछले राज्याभिषेकों में इस्तेमाल हुईं 'चेयर्स ऑफ एस्टेट' और 'थ्रोन चेयर्स' को चुना है। इन्हें आवश्यकतानुसार संरक्षित, पुनर्स्थापित और अनुकूलित किया गया है।÷

'चेयर्स ऑफ द स्टेट' का निर्माण 1953 में किया गया था और उसी साल दो जून को महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के राज्याभिषेक के दौरान इसका इस्तेमाल किया गया था। 'सेंट एडवर्ड्स चेयर' का निर्माण 700 साल पहले किया गया था और महाराजा एडवर्ड द्वितीय के राज्याभिषेक के दौरान इसका इस्तेमाल किया गया था। राज्याभिषेक के बाद चार्ल्स इसी गद्दी पर बैठेंगे।

### समारोह में भारत की ओर से शामिल होंगे उपराष्ट्रपति धनखड़

ब्रिटेन के नए महाराजा चार्ल्स तृतीय का वेस्टमिंस्टर एब्बे में औपचारिक राज्याभिषेक होगा जिसमें शामिल होने के लिए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को लंदन पहुंच गए हैं। वह भारत सरकार की ओर से किंग चार्ल्स तृतीय के राज्याभिषेक समारोह में शामिल होंगे। धनखड़ के साथ उनकी पत्नी डॉ.सुदेश धनखड़ भी गई हैं। ब्रिटेन के नए शासक की ऐतिहासिक ताजपोशी में करीब 100 देशों के राज्याध्यक्षों या शासनाध्यक्षों के शामिल होने की उम्मीद है।

उपराष्ट्रपति कार्यालय ने ट्वीट किया, ''माननीय उपराष्ट्रति जगदीप धनखड़ और उनकी पत्नी डॉ.सुदेश धनखड़ महाराजा चार्ल्स तृतीय के राज्याभिषेक समारोह में शामिल होने के लिए लंदन पहुंचें।''

उपराष्ट्रपति के लंदन पहुंचने के साथ ही अन्य राष्ट्रमंडल देशों के नेताओं के साथ लंदन स्थित मालबोरो हाउस में होने वाली चर्चा में उनके शामिल होने की उम्मीद है जिसका आयोजन राष्ट्रमंडल मंत्री बोरोनेस पैट्रिसिया स्कॉटलैंड ने की है। यह धनखड़ के लिए पहला अवसर होगा जब वह ब्रिटेन के 74 वर्षीय महाराजा से एब्बे में होने वाले राज्याभिषेक से पहले मिलेंगे।

उपराष्ट्रपति को बकिंघम पैलेस द्वारा विभिन्न राज्याध्यक्षों, नेताओं और अन्य अधिकारियों के लिए शुक्रवार की शाम को आयोजित स्वागत समारोह में भी आमंत्रित किया गया है जिसकी मेजबानी स्वयं महाराज चार्ल्स तृतीय करेंगे। धनखड़ शुक्रवार शाम को भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ संवाद करेंगे।

# क्या निलेश पाण्डेय ने जिले के कांग्रेसियों को छोड़ा पीछे, मुख्यमंत्री तक सीधे पहुंच रखने वाले इकलौते युवा बने?

» क्या कोरिया जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के चहेते नीलेश पाण्डेय के आगे जिले के बड़े बड़े कांग्रेसी साबित हो रहे बौने?

» स्वयं बैकुंठपुर विधायक जहां साढ़े चार सालों में कांग्रेस को नहीं कर सकीं मजबूत,वहीं निलेश पाण्डेय ने दो माह में ही सैकड़ों को कराया कांग्रेस प्रवेश

» सैकड़ों को कांग्रेस प्रवेश कराकर निलेश पाण्डेय ने बचाई कोरिया कांग्रेस जिलाध्यक्ष की भी साख

» मुख्यमंत्री से मुलाकात और साथ तस्वीर यह बताने काफी की नीलेश पाण्डेय अब कोरिया कांग्रेस की आन बान शान

» इस्तीफा देने के बाद फिर से कांग्रेस के लिए सक्रिय राजनीति युवा नेता ने की शुरू,युवा नेता मुख्यमंत्री से की मुलाकात जिले के तमाम मुद्दों पर हुई चर्चा

» सक्रिय राजनीति से दूर रहने वाले युवा अचानक सक्रिय राजनीति करने लगे,अब इनकी सक्रिय राजनीति किसी से पच नहीं रही







- रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 05 मई 2023
(घटती-घटना)।

कोरिया जिले में सत्ताधारी दल कांग्रेस पार्टी के लिए जो काम पिछले साढ़े चार सालों में स्वयं विधायक पार्टी के जिलाध्यक्ष बड़े बड़े पदाधिकारी साथ ही विधायक समर्थक नहीं कर सके वह एक नवयुवक ने कर दिखाया और उसी के परिणाम स्वरूप अब जिला कांग्रेस पार्टी की मजबूरी भी सामने नजर आई और युवक को मुख्यमंत्री से मिलाया गया। जिले के युवक निलेश पाण्डेय अब कोरिया कांग्रेस की शान बन गए हैं ऐसा कहना गलत नहीं होगा और यह साबित करने के लिए उनकी यह तस्वीर ही काफी है जो स्वयं मुख्यमंत्री के साथ की है जिसमे जिले के जिलाध्यक्ष भी मौजूद हैं।

निलेश पाण्डेय ने कोरिया कांग्रेस खासकर बैकुंठपुर विधायक के लिए आने वाले चुनाव में राह आसान करने का काम जारी किए हुआ है और इसकी बानगी भी देखने को मिल रही है जिसमे भाजपा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी छोड़कर लोगों का कांग्रेस पार्टी में आने का तांता लगा हुआ है और यह सब कुछ निलेश पाण्डेय की वजह से संभव हो पा रहा है जो लगातार जनसंपर्क करते हुए कांग्रेस पार्टी की रीति नीति से लोगों को अवगत करा रहे हैं और जिसकी वजह से लोग कांग्रेस पार्टी का रुख कर रहें हैं। निलेश पाण्डेय विगत वर्षो कांग्रेस पार्टी छोड़ भी चुके थे लेकिन अब जब वह सक्रिय हुए हैं पार्टी में उन्होंने नई जान फूंक दी है और पार्टी लगातार जिले और विधानसभा में मजबूत हो रही है। वहीं बैकुंठपुर विधायक,पार्टी के जिलाध्यक्ष व पार्टी के ही वरिष्ठ पदाधिकारी साथ ही विधायक समर्थक सभी निलेश पाण्डेय के पार्टी के लिए किए जा रहे प्रयासों के सामने अपने प्रयासों को लेकर बौने नजर आ रहे हैं और उनकी मजबूरी भी देखने को मिल रही है जहां स्वयं जिलाध्यक्ष निलेश पाण्डेय को लेकर मुख्यमंत्री के पास जाते हैं और मुख्यमंत्री से मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया में साझा की जाती है।

### मुख्यमंत्री से मुलाकात करवानी पार्टी के लिए बनी मजबूरी

निलेश पाण्डेय जिन्होंने दो माह के अंतराल में ही कोरिया कांग्रेस खासकर बैकुंठपुर विधानसभा में कांग्रेस पार्टी में जान फूंक दी और यही वजह मानी जा रही है की कोरिया कांग्रेस मजबूर हुई और निलेश पाण्डेय की मुख्यमंत्री से भेंट कराई गई। निलेश पाण्डेय ने अपनी सूझबूझ साथ ही राजनीतिक परिपक्वता का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बैकुंठपुर विधानसभा में जिस तरह पार्टी को मजबूत करने का काम किया है उसको देखते हुए उनकी मुख्यमंत्री से मुलाकात कराई गई है।आज निलेश पाण्डेय कोरिया कांग्रेस के लिए एक बड़ा चेहरा बन चुके हैं और उनके कद के सामने बड़े बड़े कांग्रेसी दिग्गज बौने नजर आ रहे हैं।

### इस्तीफा देकर कांग्रेस से बनाई थी दूरी,अब सक्रिय होकर कर रहे पार्टी को मजबूत,मुख्यमंत्री से हुई जिले के मुद्दों पर उनकी चर्चा

निलेश पाण्डेय कोरिया कांग्रेस के लिए वह काम कर गए जो शायद पार्टी का कोई भी दिग्गज नहीं कर सका साढ़े चार सालों के कार्यकाल में डेढ़ साल पहले पार्टी छोड़कर सक्रिय राजनीति से निलेश पाण्डेय ने दूरी बना ली थी और पार्टी के किसी कार्यक्रम में वह नजर नहीं आते थे लेकिन हाल ही में वह पुनः कांग्रेस पार्टी के लिए सक्रिय हुए और उन्होंने अपनी वापसी भी धुआंधार तरीके से की, निलेश पाण्डेय ने भाजपा में सेंध लगाई, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी में सेंध लगाई और इसका असर यह हुआ कि उनका कद देखते ही देखते इतना बड़ा हो गया की उनकी मुलाकात मुख्यमंत्री से जिलाध्यक्ष कोरिया ने तय कराई,मुलाकात में मुख्यमंत्री से निलेश पाण्डेय ने जिले के तमाम मुद्दों पर चर्चा की और पार्टी को और मजबूत करते रहने का उन्होंने संकल्प मुख्यमंत्री के समक्ष दोहराया। मुख्यमंत्री से मुलाकात उनकी बेहद सार्थक रही और उनकी तारीफ भी मुख्यमंत्री ने की ऐसा बताया जा रहा है।

### निलेश पाण्डेय की सक्रियता से पार्टी के दिग्गज कर रहे किनारा,निलेश पाण्डेय की सक्रियता पचा नहीं पा रहे कांग्रेसी-

निलेश पाण्डेय ने जिस तरह दो माह में ही विधानसभा में कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान की उससे साबित हुआ की उनकी राजनीतिक सूझबूझ किस तरह परिपक्व है। उनके सक्रिय होते ही कांग्रेस पार्टी के ही दिग्गज अब उनसे परहेज करना शुरू कर चुके हैं और उनकी बढ़ती लोकप्रियता से वह कहीं न कहीं चिढ़ने भी लगे हैं और निलेश पाण्डेय के पार्टी के लिए किए जा रहे बेहतर प्रयासों को वह पचा नहीं पा रहें हैं। बता दें की इस बीच जिले के दिग्गज कांग्रेसी आपसी चिंतन मंथन में लगे हुए हैं और यह चिंतन निलेश पाण्डेय की बढ़ती लोकप्रियता को बाधित करने की है जिससे पार्टी में उनका कद छोटा किया जा सके। बताया जा रहा है की नीलेश पाण्डेय की पार्टी में सक्रियता और बढ़ते कद से पार्टी के दिग्गज इतना भयभीत हो चुके हैं वह ऐसा प्रयास भी कर रहें हैं की नीलेश पाण्डेय का कद छोटा किया जा सके और किसी भी तरह उनकी पार्टी से और बड़े नेताओं से दूरी बनाई जा सके।

### स्थानीय विधायक व जिलाध्यक्ष युवा नेता के हुए मुरीद

जबसे निलेश पाण्डेय ने पार्टी को मजबूत करना शुरू किया है तभी से स्थानीय विधायक साथ ही जिलाध्यक्ष निलेश पाण्डेय के मुरीद हो चुके हैं और वह नीलेश पाण्डेय को अपने साथ ही लेकर चलना पसंद कर रहें हैं जिससे पार्टी को और मजबूती मिलती रहे। निलेश पाण्डेय ने अल्प समय में जिस तरह अपनी सूझबूझ से और अपनी काबिलियत से पार्टी को मजबूत किया है और पार्टी से नए लोगों को जोड़ने का काम किया है उससे विधायक भी खुद को प्रभावित होने से नहीं रोक सकीं और उन्होंने भी नीलेश पाण्डेय को अपने विश्वासपात्रों में शामिल कर लिया है वहीं जिलाध्यक्ष के पहले से ही नीलेश पाण्डेय खास रहते चले आए हैं और जिलाध्यक्ष के खास सलाहकार वह बने हुए हैं।

### मुख्यमंत्री ने नीलेश पाण्डेय को दिया अपना बहुमूल्य समय,गंभीरता से सुनी नीलेश पाण्डेय की बात

बताया जा रहा है की मुख्यमंत्री ने नीलेश पाण्डेय की बात गंभीरता से सुनी है,मुख्यमंत्री ने जहां निलेश पाण्डेय को अपना बहुमूल्य समय प्रदान किया वहीं उनकी बातों और उनकी आगे की पार्टी को लेकर किए जाने वाले कार्यों को गंभीरता से सुना। मुख्यमंत्री नीलेश पाण्डेय से प्रभावित हुए और उन्होंने नीलेश पाण्डेय के साथ तस्वीर खिंचवाकर यह साबित भी किया की पार्टी के लिए कुछ अच्छा करने वालों को वह हाथों हांथ लेने से भी परहेज नहीं करेगें।

### कोरिया कांग्रेस के दिग्गजों के लिए निलेश पाण्डेय बने मिसाल

कोरिया कांग्रेस के दिग्गज कांग्रेसियों के लिए साथ ही विधायक समर्थकों के लिए निलेश पाण्डेय किसी मिसाल से कम नहीं हैं। एक तरफ जहां दिग्गज कांग्रेसी साढ़े चार साल ठेकेदारी में ही व्यस्त नजर आए और कितनी जल्दी वह अर्थसंपन्न बन सकें इस जुगत में लगे रहे वहीं नीलेश पाण्डेय ने बिना किसी स्वार्थ पार्टी को मजबूत करने का काम किया और जिसका परिणाम भी सामने आया भाजपा और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी में उन्होंने सेंध लगाई। पार्टी के कई दिग्गज आज भी पार्टी के लिए कुछ अच्छा करने की बजाए केवल पार्टी से लाभ कमाने की जुगत में लगे हुए हैं साथ ही उनके साथ रहने वाले भी उसी अनुरूप आगे बढ़ रहें हैं। पार्टी किस तरह मजबूत हो और आने वाले चुनाव में पार्टी किस तरह जीत दर्ज करे यह सोचने वाला कोई नहीं है। निलेश पाण्डेय ने एक तरह से पार्टी के दिग्गजों को साथ ही विधायक समर्थकों को आइना दिखाने का काम किया है।

## पानी की भारी किल्लत की वजह से काफी संख्या में ग्रामीण जिला पंचायत अध्यक्ष के घर



- संवाददाता -
सूरजपुर,05 मई 2023
(घटती-घटना)।

जनपद प्रतापपुर के परमेश्वरपुर गांव में पानी की भारी किल्लत की वजह से काफी संख्या में ग्रामीण पुरुष और महिलाएं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी शिव भजन सिंह मरावी के घर पर पहुंचकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया उन्होंने कहा कि हमारे यहां जो हैंडपंप है कई दिनों से खराब है सोलर पंप भी खराब है कई बार शिकायत करने के बाद भी इसको सुधार के लिए कोई नहीं पहुंचा इसे देखते हुए श्रीमती मरावी ने पीएचई के एसडीओ सूरजपुर को तत्काल फोन लगायाउन्होंने कहा कि हमारे पास अभी साधन नहीं है और स्टाफ की कमी है दो-तीन दिन में कार्य हो जाएगा परंतु गांव से आए सभी लोग इस बात पर अड़े हुए थे कि हम सारी व्यवस्था कर आएंगे आप हमें सुधारने के लिए मिस्त्री भेजिए जिससे कि सुधार के पश्चात हमें पानी प्राप्त हो सके हमारी स्थिति बहुत खराब है इसको लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष काफी दवाव देकर कहा कि आप तत्काल इसकी व्यवस्था करिए जो भी होगा हम यहां अरेंज करेंगे ग्रामीण पानी के बिना बहुत परेशानी में पड़े हुए हैं इसे देखते हुए एसडीओ पी एच ई ने तत्काल टीम भेजी और उनके हैंड पाइप का सुधार किया गया जिससे ग्रामीणों में काफी हर्ष व्याप्त है और उन्होंने अध्यक्ष एवं अधिकारियों को धन्यवाद दिया

## क्या स्थानीय स्तर पर शिक्षकों की भर्ती का रास्ता हुआ बन्द?

» कांग्रेस सरकार ने किया सरगुजा संभाग के साथ धोखा कनिष्ठ भर्ती बोर्ड हुआ औचित्यहीन :देवेन्द्र तिवारी

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर,05 मई 2023
(घटती-घटना)।



सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा सरकार द्वारा लागू आरक्षण व्यवस्था को बहाल करने के बाद भूपेश सरकार अपनी झूठी वाहवाही लूटने में लगी है। वहीं सरगुजा संभाग के युवाओं के साथ शिक्षक भर्ती में बड़ा अन्याय इस सरकार ने कर दिया है। भाजपा सरकार ने स्पष्ट प्रावधान किया था कि सरगुजा संभाग में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी की भर्तियां स्थानीय स्तर पर की जाएंगी। इससे सरगुजा एवं बस्तर संभाग के युवाओं को अपने ही जिलों में नौकरी की संभावना बढ़ी थी।

2019 में कांग्रेस की सरकार ने जब स्थानीय भर्ती के लिए विज्ञापन निकाला था तब हाई कोर्ट ने उस पर स्टे दिया था।इसके बाद स्थानीय भर्ती के लिए इसी सरकार ने सरगुजा में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी की भर्ती के लिए कनिष्ठ भर्ती बोर्ड का गठन किया था और यह घोषणा की थी कि अब सभी भर्तियां संभाग स्तर पर ही होंगी।स्थानीय युवाओं को सुनिश्चित रोजगार दिया जाएगा। किंतु कनिष्ठ बोर्ड पूरी तरह औचित्यहीन हो चुका है। अभी हाल में ही सरकार ने शिक्षकों की भर्ती निकाली है उनमें शिक्षक एवं सहायक शिक्षक भर्ती को प्रदेश स्तर पर कर दिया है।इसके लिए विज्ञापन भी जारी कर दिया है। यह अनुसूचित संभाग के युवाओं के साथ बहुत बड़ा छलावा है। राज्य सरकार को सभी भर्तियां संभाग स्तर पर कनिष्ठ भर्ती बोर्ड के माध्यम से किया जाना चाहिए।युवाओं एवं संभागवासियों को राज्य सरकार के इस गलत निर्णय का विरोध करना चाहिए और इस नियुक्ति का बहिष्कार करना चाहिए।

## ग्राम पंचायत सचिवों के आंदोलन को 51 दिन हुए पूरे,शासकीयकरण की है मांग

» पंचायत मंत्री ने सचिवों को शासकीयकरण का दिया था आश्वासन,शासकीयकरण नहीं होने पर हड़ताल पर हैं ग्राम पंचायत सचिव

» आंदोलन के 51 वें दिवस जारी है ग्राम पंचायत सचिवों की क्रमिक भूख हड़ताल,5 सचिव बैठे भूख हड़ताल पर



- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर,05 मई 2023
(घटती-घटना)।

शासकीयकरण की मांग को लेकर ग्राम पंचायत सचिवों का आंदोलन 51 वें दिवस भी जारी रहा,51 वें दिवस ग्राम पंचायत सचिवों ने अपनी मांगों के समर्थन में क्रमिक भूख हड़ताल जारी रखते हुए शासकीयकरण की अपनी मांग को शासन तक पहुंचाने का उपक्रम जारी रखा और 51 वें दिवस 5 ग्राम पंचायत सचिव क्रमिक भूख हड़ताल में बैठकर अपनी मांगों को समर्थन प्रदान किए।

बता दें की ग्राम पंचायत सचिवों की मांग शासकीयकरण की है और उनका कहना है की उनकी मांग पंचायत मंत्री के वादे के अनुसार ही है जो उन्होंने उनसे किया है। सचिवों का आंदोलन इसलिए भी जारी है क्योंकि प्रदेश के अंतिम बजट में भी उनकी मांगों को कोई स्थान नहीं मिला और उनका शासकीयकरण नहीं किया गया। वैसे पूरे मामले में यह भी ध्यान देने वाली बात है की तत्कालीन पंचायत मंत्री जिन्होंने कांग्रेस जन घोषणा पत्र का निर्माण किया था यदि उनके वादे अनुसार पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किया जाना था तो अब वह पंचायत मंत्री के पद से इस्तीफा दे चुके हैं और ऐसे में सरकार के लिए तत्कालीन पंचायत मंत्री के किसी वादे को पूरा करना उतना आवश्यक नहीं नहीं नजर आ रहा होगा इसलिए वह इस मामले में चुप्पी साधे बैठी है। 51 वें दिवस बैकुंठपुर ब्लॉक के 5 सचिव क्रमिक भूख हड़ताल में बैठे जिसमे, रामसकल कुशवाहा, शाहिद खान, विजय जायसवाल, बलराम यादव, शिवलाल राजवाड़े शामिल है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,05 मई 2023 (घटती-घटना)।

शहर के शंकरघाट स्थित बैरियर के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सूरज सांडिल्य पिता रामलाल उम्र 19 वर्ष राजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बधिमा का रहने वाला था। वह किसी काम से 4 मई को अंबिकापुर बाइक से आया था। काम खत्म कर वापस लौट हा था। रास्ते में अंबिकापुर के शंकरघाट के पास स्थित बैरियर के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना में सूरज गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। स्थानीय लोगों ने देखा तो उसकी के मोबाइल से घटना की जानकारी परिजन को दी और संजीवनी 108 से उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया। परिजन पहुंचे तो तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

## बाइक से गिरकर घायल युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,05 मई 2023 (घटती-घटना)।

बाइक से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सुकुमार सरदार पिता जितेन्द्र उम्र 45 वर्ष रामानुजगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कमलेश्वरनगर का रहने वाला था। वह 4 मई की सुबह बाइक से शादी में शामिल होने विजयनगर जा रहा था। रास्ते में कनकपुर सिन्दूर नदी के पास बाइक से गिर गया और गंभीरा रूप से जख्मी हो गया था। वह स्वयं घटना की जानकारी मोबाइल से परिजन को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए रामानुजगंज अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## लव,सेक्स और धोखा सनसनीखेज मामला आया सामने

### युवक ने लड़की से शादी करने के 15 दिनों बाद उसे छोड़ कर भाग खड़ा हुआ

- संवाददाता -
सूरजपुर,05 मई 2023
(घटती-घटना)।

लव, सेक्स और धोखा का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसमें एक युवक ने एक लड़की से शादी करने के 15 दिनों बाद उसे तन्हा छोड़ कर भाग खड़ा हुआ, जब पीड़ित लड़की गुहार लेकर पुलिस वाले के पास पहुंची तो पुलिसवाले भी उस पीड़िता के प्रति सहानुभूति जताने की बजाय उसके साथ ऑफिस ऑफिस खेलने लगे, आखिरकार आईजी सरगुजा के आदेश के बाद आरोपी युवक के खिलाफ द्ध.द्ध.ह्र तो दर्ज हो गया लेकिन मामला दर्ज होने के 18 दिन बाद बीत जाने के बाद भी अभी तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है, वहीं पीड़िता और उसके परिजनों का आरोप है कि पुलिस के द्वारा उन पर आरोपी से समझौता करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है, दरअसल यह पूरा मामला सूरजपुर जिले के रामानुज नगर थाना क्षेत्र का है,जहां आरोपी पिंटू की की मोबाइल की दुकान में पीड़ित लड़की अपना मोबाइल ठीक कराने गई थी, इसी दौरान दोनों में




नजदीकियां बढ़ी और लड़की ने अपना मोबाइल नंबर आरोपी को दे दिया, जिसके बाद आरोपी और पीड़ित के बीच मोबाइल पर बात करने के दौरान इनका प्यार परवान चढ़ा, आखिरकार दोनों ने एक होने का फैसला किया और दोनों ने भाग कर शादी कर ली, शादी के बाद दोनों आरोपी के घर में खुशी-खुशी रह रहे थे, लगभग 15 दिनों बाद आरोपी पिंटू और उसके परिजन पीड़ित के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिए, जिसके बाद पीड़िता रामानुज नगर थाने पहुंची लेकिन वहां पुलिस के द्वारा मामला दर्ज करने की बजाय यह बोलकर थाने से भगा दिया गया कि घटनास्थल कोरिया जिले के पटना थाना क्षेत्र में आता है तो वहां जाकर मामला दर्ज कराओ, जब पीड़ित और उसके परिजन पटना थाने पहुंचते हैं तो वहां से भी इन्हें यह कहकर भगा दिया जाता है कि घटनास्थल रामानुज नगर थाना है इसलिए मामला वहां दर्ज होगा, कई दिनों तक दोनों थानों के चक्कर लगाने के बाद आखिरकार पीड़ित और उसके परिजनों ने आईजी सरगुजा से इसकी शिकायत की, इनकी शिकायत के आधार पर आईजी सरगुजा ने पटना थाना को निर्देशित किया कि जीरो में मामला दर्ज कर रामानुज नगर थाने भेजा जाए, 15 अप्रैल रामानुज नगर थाने में एफ आई आर दर्ज कर ली गई लेकिन अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गई है, पीड़ित और उसके परिजनों का आरोप है कि पुलिस आरोपी को बचाना चाहते हैं इसलिए हुए उन लोगों पर समझौता करने के लिए दबाव बना रहे हैं, वही इस पूरे मामले में पुलिस ने चुप्पी साध रखी है थाना प्रभारी से लेकर एसपी तक कोई भी इस मामले में कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है, ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि पुलिस कार्यवाही करने की बजाय मीडिया से मुंह छुपाते क्यों फिर रही है।

# चरित्र संदेह में मां की जान लेने वाला बेटा को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
कोरबा,05 मई 2023
(घटती-घटना)।

जिले में एक बेटे ने मां की चरित्र पर संदेह के चलते ली जान द्य मामला राताखर क्षेत्र का है जहां बेटे को अपनी मां के चरित्र पर संदेह था, इसलिए आवेश में आकर उसे चाकू से गोदकर मार डाला। पुलिस ने हत्यारे पुत्र को गिरफ्तार कर चाकू बरामद कर लिया है। जानकारी के मुताबिक् सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत राताखार की है जहां 40 वर्षीय मृतका मीना कंवर पर उसी के बेटे मनोज कुमार उर्फ़ पिंटू ने मां के चरित्र पर सन्देह था। कोतवाली प्रभारी रूपक शर्मा ने बताया कि गुरुवार की रात 09 से10 बजे के मध्य 19 वर्षीय बेटे ने चरित्र संदेह पर अपनी मां के साथ विवाद किया और विवाद बढ़ने पर घर में रखे चाकू से मां पर किया वार जिससे चोट और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण मौके पर ही उसकी मां मीना कंवर ने दम तोड़ दिया। इसके बाद आरोपी वहां से भाग निकला था तभी कोतवाली पुलिस टाउन पेट्रोलिंग पार्टी राताखार गौरा चौक तरफ पहुंची ही थी कि एक घर के सामने मोहल्ले के लोगों की भीड़ देखकर रूके एवं माजरे की जानकारी लेने पर मोहल्ले के खोलबहरा नामक व्यक्ति ने बताया कि पिंटु उरांव उसे रोते हुये बताया कि वह अपनी मां मीरा उरांव की चाकू मारकर हत्या कर दिया है जिसका शव उसके मकान अंदर मृत पड़ा है द्व तब पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा मकान अंदर जाकर देखे तो मीरा उरांव मरी पड़ी है सूचना मिलने पर मौके पर सूचक खोलबहरा उरांव के सूचना पर मर्ग धारा 174 जा?फौश के अंतर्गत एवं देहाती नालसी पर अपराध धारा 302 भादवि का अपराध घटित होना पाये जाने पर अपराध



पंजीबद्ध कर मामले की गंभीरता को देखते हुये घटना के बारे में पुलिस अधीक्षक महोदय उदय किरण को अवगत कराया गया, पुलिस अधीक्षक ने आरोपी जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा विश्वदीपक त्रिपाठी के मार्गदर्शन पर नगर निरीक्षक रूपक शर्मा के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी की पता तलाश की जा रही थी कि मुखबीर सूचना मिला कि आरोपी मनोज उरांव उर्फ पिंटू उरांव राताखार नदी किनारे की ओर दिखाई दिया है कि सूचना पर तत्काल घेराबंदी कर आरोपी मनोज उरांव उर्फ पिंटू उरांव पिता स्व. हरिहर उरांव, उम्र 19 वर्ष, निवासी राताखार गौरा चौंक कोरबा, थाना कोतवाली, जिला-कोरबा (छ.ग.) को पकड़े जिसे पूछताछ करने पर अपने मां की चरित्र संदेह के कारण घर मे रखे धारदार चाकू से हत्या करना स्वीकार किया तथा आरोपी मनोज उरावं उर्फ पिंटू उरांव के द्वारा घटना मे प्रयुक्त चाकू को अपने घर के अंदर सोफा के नीचे छुपाना बताने पर मौके पर जाकर घटना में प्रयुक्त चाकू को आरोपी के कब्जे से बरामद किया गया। आरोपी मनोज उरांव उर्फ पिंटू उरांव के द्वारा अपना अपराध स्वीकार करने तथा आरोपी के विरूद्ध पूर्ण रूपेण अपराध सबूत पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में नगर निरीक्षक रूपक शर्मा के नेतृत्व में सउनि अफसर हुसैन खान, प्रआर0 418 लक्ष्मीकांत खरसन, आर0 434 दिनेश श्याम, आर. 728 नवतरन सिदार आर. 24 टिरेन्द्र सोनी, आर. 590 सुनील राजपूत व म. आर. 173 रेहाना फातिमा की सक्रिय भूमिका रही।

# गौसुलवरा कॉन्फ्रेंस,8 मई को शहर के घंटाघर में

» 18 वीं पीढ़ी के शहजादे औलादे गौसे आजम प्रिंस ऑफ इराक हुज़ूर 'अश्शाह हज़रत अल शेख अल सैय्यद हाशिम अल गीलानी अल हसनी वल हुसैनी अल कादरी अल बगदादी होंगे शामिल




- संवाददाता -
कोरबा,05 मई 2023
(घटती-घटना)।

कोरबा की सरजमीं पर इस्लाम के नबी हजरत मोहम्मद के 28 वीं पीढ़ी और गौसे आजम (इराक) के 18 वें पीढ़ी के वंशज की आमद मुस्लिम समाज के लिए खुशनसीबी है। इससे समाज मे उत्साह है। इस दौरान शहर के घंटाघर में 8 मई को होने वाले गौसुलवरा कॉन्फ्रेंस में छत्तीसगढ़ सहित आसपास के राज्यों से बड़ी संख्या में लोगों के आने की संभावना है।उक्त बातें कार्यक्रम के आयोजक मरकजी सीरत कमेटी के सचिव मोहसिन मेमन ने तिलक भवन में पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कार्यक्रम को विस्तार से बताते हुए कहा कि हमारी खुशनसीबी है कि इतनी बड़ी हस्ती ने कोरबा आने के हमारी दावत को काबुल किया। उन्होंने आगे कहा कि मरकजी सीरत कमेटी, कोरबा द्वारा दिनांक 08 मई 2023 दिन सोमवार समय 8 बजे ओपन थियेटर, घंटाघर चौक निहारिका, कोरबा (छ.ग.) में गौ गौसुलवरा कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हमारे शहर कोरबा में पहली मर्तबा बगदाद शरीफ (इराक) से मुस्लिम समाज के धर्म गुरु और (प्रिंस ऑफ इराक) हुज़ूर सल्लल्लाह अलैहे वसल्लम (पैगम्बर मोहम्मद साहब) के 28वीं पीढ़ी व गौसे पाक के 18 वीं पीढ़ी के शहजादे औलादे गौसे आजम प्रिंस ऑफ इराक हुज़ूर ÷अश्शाह हज़रत अल शेख अल सैय्यद हाशिम अल गीलानी अल हसनी वल हुसैनी अल कादरी अल बगदादी÷ मदजिल्लहुल आली तशरीफ ला रहे हैं। गौसुलवरा कॉन्फ्रेंस में कोरबा ही नहीं राज्य व राज्य के बाहर से भी मुस्लिम समाज के करीब 20 हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है। पत्रकार वार्ता के दौरान कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा आसिफ, उपाध्यक्ष आसिफ खान, कोषाध्यक्ष साबिर खान, सह सचिव सोहेल अहमद, यंग मेमन एसोसिएशन के अध्यक्ष गुलाम शेखानी, मोहम्मद समीर,मो साबिर एहतेशाम अली,सिबतैन रजा मौजूद थे।08 मई 2023, दिन सोमवार दोपहर 02 बजे सीएसईबी चौक में सैयदी का इस्तकबाल किया जायेगा। उसके बाद सैय्यदी का कारवाँ शाही जुलूस की शक्ल में सीएसईबी चौक से ट्रांसपोर्ट नगर, पावर हाउस रोड होते हुए जामा मस्जिद चौक तक पहुंचेगी। इस दौरान समाज के लोगों द्वारा फूल बरसाए जायेंगे। इसके पश्चात ईदगाह कब्रिस्तान कोरबा पहुंचकर फातेहा ख्वानी में शामिल होंगे। फिर सैय्यदी कयाम गाह पहुंचकर भोजन के बाद आराम करेंगे। मरकजी सीरत कमेटी ने मुस्लिम समाज से जुलूस व जलसे में शामिल होने की अपील की है।मरकजी सीरत कमेटी ने गौसुलवरा कॉन्फ्रेंस में महिला व पुरुषों के बैठने के लिए अलग-अलग व्यवस्था की है। कार्यक्रम में आने वाले जायरीनों के भोजन के लिए घंटाघर से करीब 02 सौ मीटर दूर एसईसीएल हेलीपैड के बगल वाले ग्राउंड में शाम 07 बजे से रात 09ः00 बजे तक आम लंगर की व्यवस्था की गई है।कमेटी द्वारा कार्यक्रम में शामिल होने वाले जायरीनों के वाहनों के लिए पार्किंग के लिए अलग-अलग स्थान तय कर दिए हैं। जिससे घंटाघर में जाम की स्थिति न रहे।



## जिला दंडाधिकारी ने फरीदुद्दीन उर्फ फरीद खान को किया जिला बदर

- संवाददाता -
कोरबा, 05 मई 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संजीव झा ने जिले के आदतन अपराधी श्री फरीमुद्दीन उर्फ फरीद खान पिता कमरूद्दीन उम्र 32 वर्ष, निवासी साकिन नया बस स्टैण्ड कटघोरा को एक साल के लिए जिला बदर कर दिया है। श्री झा ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-3 एवं 5 के तहत् दाण्डिक प्रकरण क्रमांक 202111050400020/2021-22 में पारित आदेश दिनांक 04/05/2023 अनुसार यह आदेश दिया है कि 24 घंटे के अन्दर जिला- कोरबा तथा समीपवर्ती राजस्व जिला बिलासपुर जांजगीर-चांपा, सक्ती, रायगढ़, सरगुजा, सूरजपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले क्षेत्र से एक वर्ष की अवधि के लिए बाहर चले जाए और जब तक यह आदेश लागू रहेगा, बिना वैधानिक पूर्वानुमति लिए इस जिले एवं उल्लेखित जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। उन्होंने श्री फरीमुद्दीन उर्फ फरीद खान पिता कमरूद्दीन उम्र 32 वर्ष, निवासी साकिन नया बस स्टैण्ड कटघोरा, जिला-कोरबा को इस आदेश का तुरन्त पालन करने और पालन न करने पर उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही के आदेश दिए हैं।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज अम्बिकापुर में

- संवाददाता -
अम्बिकापुर ,05 मई 2023 (घटती-घटना)।



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 6 मई 2023 को जिले के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री 6 मई को पूर्वाह्न 11:00 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर से विशेष विमान द्वारा अम्बिकापुर के लिए प्रस्थान करेंगे। वे पूर्वाह्न 11:40 पर अम्बिकापुर पहुंचेंगे और दोपहर 12:20 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा मध्यप्रदेश के सीधी जिले के ग्राम सुपेला के लिए प्रस्थान करेंगे। सुपेला में स्थानीय कार्यक्रम के पश्चात अपरान्ह 3:30 बजे सुपेला से हेलीकॉप्टर द्वारा अंबिकापुर के लिए प्रस्थान करेंगे। वे अपरान्ह 4.30 बजे अम्बिकापुर पहुंचेंगे। इसके बाद शाम 5 बजे मां महामाया एयरपोर्ट अम्बिकापुर से बैंगलोर के लिए रवाना होंगे।

## 'विधानसभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत 'नवीन तहसील भवन केल्हारी के लोकार्पण कार्यक्रम में होंगे शामिल'

- संवाददाता -
एमसीबी,05 मई 2023 (घटती-घटना)।



छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत 8 और 9 मई को एमसीबी जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे 8 मई शाम 4 बजे लेदरी मनेंद्रगढ़ पहुँचेंगे। यहाँ वे विभिन्न स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। रात्रि विश्राम के पश्चात नवीन तहसील भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होने 9 मई को प्रातः 11 बजे केल्हारी पहुँचेंगे। इसके पश्चात वे दोपहर 1.30 बजे जनकपुर में भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे।डॉ महंत हरचौका और रमदहा में कई स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। स्थानीय कार्यक्रम के पश्चात वे चांग माता के दर्शन करने जाएँगे। प्रवास के दौरान उनके साथ उनकी धर्मपत्नी लोकसभा सांसद कोरबा श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत भी साथ रहेंगी। आगे वे रात्रि विश्राम के लिए बैकुण्ठपुर कोरिया ज़िले के लिए प्रस्थान करेंगे।

## प्रोजेक्ट उन्नति के तहत सब्जी नर्सरी एवं खेती प्रबंधन पर प्रशिक्षण प्रारंभ

» गांव के किसान को जैविक खाद, जीवामृत, ब्रह्मास्त्र बनाने की विधि की दी जा रही जानकारी

- संवाददाता -
जशपुरनगर ,05 मई 2023
(घटती-घटना)।





कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशन पर प्रोजेक्ट उन्नति के लिए मनरेगा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2018-19 में 100 दिवस रोजगार पूर्ण किए श्रमिकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जनपद पंचायत कांसाबेल अंतर्गत रीपा ग्राम पंचायत चेटबा में 35 जॉब कार्डधारी परिवार के सदस्यों को आरसेटी के माध्यम से सब्जी नर्सरी एवं खेती प्रबंधन विषय पर 4 मई से 13 मई तक 10 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

मास्टर ट्रेनर कुश कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रशिक्षण में हितग्राहियों को प्रतिदिन हम जो सब्जी खाते हैं वे सब्जियां रासायनिक न होकर जैविक हो, उसकी समस्त जानकारी प्रदान की जा रही है।प्रत्येक पुरुष को प्रतिदिन 300 ग्राम एवं महिलाओं को 275 ग्राम सब्जियां खाने की आवश्यकता होती है, उसकी जानकारी नहीं होती है साथ उसकी पूर्ति कैसे की जाए उसकी जानकारी प्रदान की जा रही है।गांव के किसान को जैविक खाद, जीवामृत, ब्रह्मास्त्र बनाने की विधि की जानकारी दी जा रही है।महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को 100 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराना है तथा ग्रामीण परिवारों के लिए आजीविका का सृजन करना है, इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु ग्रामीणों को प्रशिक्षण प्रदान कर आजीविका संवर्धन किया जा रहा है।प्रशिक्षण कार्यक्रम का समन्वय आरसेटी के डायरेक्टर अरुण अविनाश मिंज के मार्गदर्शन में फैकल्टी विकास कुमार सिन्हा के द्वारा किया जा रहा है।

# बुज़ुर्ग रामशंकर अस्पताल तक जाने में थे असमर्थ







### हाट बाजार क्लिनिक में घर के पास ही मिली स्वास्थ्य सुविधा

- संवाददाता -
कोरिया ,05 मई 2023
(घटती-घटना)।

विकासखण्ड सोनहत के ग्राम लटमा निवासी 71 वर्षीय बुजुर्ग रामशंकर को लम्बे समय से उच्च रक्तचाप तथा शुगर की समस्या थी। उम्र की वजह से उन्हें चलने फिरने में भी समस्या होती थी, बीमारी के कारण आए दिन अस्पताल जाना जरूरी था, ऐसे में उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता था। वे बताते हैं कि मेरी इस समस्या का निराकरण तब हुआ जब साप्ताहिक हाट बाजार में मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना के तहत एमएमयू वाहन आने लगा। वे नियमित रूप से हाट बाजार में क्लीनिक में जांच करवा रहें हैं तथा निःशुल्क दवाइयां लेकर स्वस्थ जीवन जी रहें हैं। इसी प्रकार ग्राम के ही 28 वर्षीय जगनारायण ने बताया कि सड़क दुर्घटना के कारण उनके हाथ पैरों में दर्द की समस्या रहती थी। हाट बाजार क्लिनिक में जांच करवाने पर इंजेक्शन लगाकर दवाइयां दी गई जिससे उन्हें राहत मिली।

उल्लेखनीय है कि शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री हाट बाज़ार क्लीनिक योजना के तहत दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ रहा है, स्थानीय हाट बाज़ारों में डेडिकेटेड वाहनों के द्वारा मिलने वाले निशुल्क स्वास्थ्य जांच, परामर्श तथा दवाईयों से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिला है। मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक में हिमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, उच्च रक्तचाप एवं मलेरिया की जांच एवं अन्य जांच किया जा रहा है। इसके साथ ही आर डी टेस्ट कीट जांच, मलेरिया, प्रेगनेंसी, डेंगू, एचआईव, व्हीडीआरएल, सोलूबिलिटी, कोविड-19 जांच एवं 64 प्रकार के दवाइयां निःशुल्क वितरण किया जाता है।इसके साथ ही प्रत्येक सप्ताह नेत्र सहायक के द्वारा नेत्र परीक्षण कर उपचार की सुविधा भी दी जा रही है। साथ ही दंत चिकित्सक द्वारा दांतों से संबंधित बीमारी की भी जांच की जाती है। मरीजों को निःशुल्क दवा वितरण के साथ ही गंभीर मरीज को उचित इलाज के लिए उच्च संस्था रिफर भी किया जा रहा है।

### एक माह में सात हजार से अधिक मरीज हुए लाभान्वित

स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में वर्तमान में संचालित 17 हाट बाज़ार क्लीनिक में 03 डेडिकेटेड वाहन के माध्यम से मेडिकल टीम के द्वारा लोगों को निःशुल्क जांच, इलाज तथा दवाईयों का लाभ मिला। 01 अप्रैल 2023 से 30 अप्रैल 2023 तक कुल 7 हजार 326 लोगों का उपचार हुआ तथा 7 हजार 269 मरीजों को निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध करायी गई। पूर्व वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल 828 हाट बाजारों में एमएमयू गए व कुल 71 हजार 999 मरीज लाभान्वित हुए व 71 हजार 56 मरीजों को निःशुल्क दवा मिली।

# बटईकेला निवासी के शंकर दुग्ध व्यवसाय एवं ब्रायलर फार्मिंग से बढ़ रहे हैं आर्थिक उन्नति की ओर

» महीने में लगभग 50 हजार तक की हो रही है आमदनी

» दुग्ध व्यवसाय एवं ब्रायलर फार्मिंग से धन अर्जित कर बनवाया खुद का पक्का मकान

» मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को दिया धन्यवाद







- संवाददाता -
जशपुरनगर ,05 मई 2023
(घटती-घटना)।

पशुधन विभाग द्वारा जिले में स्व-सहायता समूहों एवं अन्य हितग्राहियों को छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़कर आर्थिक रूप से सक्षम बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में कांसाबेल विकासखण्ड के बटईकेला निवासी श्री शंकर यादव दुग्ध व्यवसाय एवं ब्रायलर फार्मिंग से आर्थिक उन्नति की ओर बढ़ रहे हैं। श्री यादव ने दुग्ध व्यवसाय से सर्वप्रथम एक मोटर सायकल खरीदे, साथ ही दुग्ध उत्पादन करके अतिरिक्त आय से ब्रायलर फार्म चला रहे हैं, फार्म में हर महीने 2000 चूजे रखते हैं।



पशु विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शंकर यादव दुग्ध व्यवसाय से हर महीने लगभग 25 हजार रूपये कमाते हैं एवं ब्रायलर फार्मिंग से भी हर महीने 20-25 हजार रूपये धन अर्जित करते हैं। दुग्ध व्यवसाय एवं ब्रायलर फार्मिंग से इन्होंने अपना स्वयं का बिल्डिंग लगभग 15 लाख रूपये में बनवाया है। श्री यादव दुग्ध व्यवसाय एवं ब्रायलर फार्मिंग आय से अपने परिवार का भरण-पोषण एवं बच्चों की अच्छे से पढ़ाई-लिखाई करवा करके अपने परिवार के खुशहाल जीवन यापन कर रहें हैं। पशुधन विभाग के द्वारा समय-समय पर भ्रमण कर कृत्रिम गर्भाधान, उपचार एवं मार्गदर्शन दिया जाता है। जिससे शंकर यादव को पशुओं के उपचार एवं पालन पोषण करने में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ता हैं। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और पशुविभाग के अधिकारियों को धन्यवाद दिया है।

## छोटी सी बात पर कक्षा 9वीं की छात्रा ने की खुदकुशी

- संवाददाता -
कोरबा, 05 मई 2023 (घटती-घटना)।



बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के शांति नगर क्षेत्र में रहने वाली एक स्कूली छात्रा ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। बताया जा रहा है कि बर्तन धोने की छोटी सी बात को लेकर मां के साथ विवाद हुआ था जिसके बाद छात्रा ने यह आत्मघाती कदम उठा लिया द्व छात्रा द्वारा खुदकुशी किए जाने की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मृतका का नाम कुमारी रॉबिन है वह कक्षा नवमीं की छात्रा थी द्व घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई है। तहसीलदार की मौजूदगी में पंचनामा की कार्वाई की गई एवं परिजनों का बयान लिया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना हेतु शुद्धिपत्र**

**शुद्धिपत्र पत्र-01 और पत्र-02, दिनांक 02.05.2023.**

कृपया इस कार्यालय की खुली **ई-निविदा संख्याः जीएसयू-एसईसीआर-बीएसपी-विद्युत-एबी-04, दिनांकः 18.04.2023.** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर (छ.ग.) के बिलासपुर मंडल के पेंड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, बिजुरी, बैकुंठपुर और अंबिकापुर में अमृत भारत स्टेशनों के 07 नंबरों का इलेक्ट्रिकल जनरल सॉफ्ट अपग्रेडेशन कार्य के लिए। **शुद्धि पत्र -01 और शुद्धि पत्र-02 जारी किया गया है। जबकि निविदा बंद का समय एवं दिनांक में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।**

उपर्युक्त कार्य के लिए **शुद्धि पत्र-01 और शुद्धि पत्र-02** से संबंधित व अन्य विस्तृत विवरण हेतु **शुद्धि पत्र-01 और शुद्धि पत्र-02** जो हमारी वेबसाइड **http:// www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है उसे डाउनलोड कर/ देख सकते है।

*उप मुख्य वि. अभियंता(ग.श.ई.)/*
सीपीआर/10/47 *द.पू.म.रे., बिलासपुर*

South East Central Railway @secrail

**RO No.BSP/3987**

CMYK

# कोटला स्टेडियम को विराट कोहली का इंतजार

## दिल्ली और आरसीबी के मैच में नजरें बल्लेबाजों पर

**नयी दिल्ली,05मई 2023।** पिछले मैच में चमत्कारिक जीत दर्ज करने वाली दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर शनिवार को आईपीएल के महत्वपूर्ण मुकाबले में कोई कोताही नहीं बरतना चाहेंगी और इसके लिये बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। आरसीबी की स्थिति दिल्ली से बेहतर है लेकिन फाफ डु प्लेसी की टीम कोई जोखिम नहीं लेना चाहेगी। दूसरी ओर शीर्ष पर काबिज गुजरात टाइटंस को कम स्कोर वाले मैच में हराने वाली दिल्ली उसी प्रदर्शन को दोहराना चाहेगी। तीन सप्ताह बाद लौटे तेज गेंदबाज खलील अहमद और अनुभवी ईशांत शर्मा दिल्ली की जीत के सूत्रधार रहे और उसे स्पर्धा में बनाये रखा है। इस तरह की जीत के बाद किसी भी टीम का मनोबल ऊंचा होगा लेकिन दिल्ली के बल्लेबाजों को भी अपेक्षाओं पर खरा उतरना होगा।







पिछले मैच के बाद कप्तान डेविड वॉर्नर अपने बल्लेबाजों से काफी मायूस नजर आये। भारतीय बल्लेबाजों ने खास तौर पर निराश किया है हालांकि अमन हकीम खान और रिपल पटेल ने आखिर में संघर्ष किया लेकिन वह नाकाफी था। फिल सॉल्ट के प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रही है जबकि वॉर्नर पिछले तीन मैचों में रन नहीं बना सके हैं। बल्लेबाजी में पूरी टीम एक ईकाई के तौर पर नाकाम रही है। तीसरे नंबर पर प्रियम गर्ग नहीं चल सके हैं जबकि मनीष पांडे चिर परिचित अंदाज में खेल नहीं पा रहे। अक्षर पटेल ने गुजरात के खिलाफ छठे नंबर पर बल्लेबाजी की जिन्हें ऊपर उतारा जाना चाहिये। इस मैच में विराट कोहली के खेलने से स्टेडियम खचाखच भरा रहने की उम्मीद है। उन्होंने बृहस्पतिवार को नेट पर लंबा अभ्यास किया और उसके बाद अपने नाम से बने पवेलियन में चले गए। लखनऊ के खिलाफ मिली जीत के बाद गौतम गंभीर से हुई झड़प को भुलाकर वह बेहतरीन पारी खेलना चाहेंगे।

कुछ समय पहले तक कमेंट्री कर रहे केदार जाधव को आरसीबी के मुख्य कोच संजय बांगड़ ने टूर्नामेंट के बीच में खेलने का मौका दिया है। उन्हें मध्यक्रम को मजबूती देने के लिये रखा गया है। गेंदबाजी में मोहम्मद सिराज और जोश हेजलवुड ने लखनऊ में अच्छा प्रदर्शन किया। स्पिनर कर्ण शर्मा ओर वानिंदु हसरंगा से भी ऐसी ही उम्मीद होगी।

टीमें = रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर= फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), विराट कोहली, आकाश दीप, फिन एलेन, अनुज रावत, अविनाश सिंह, मनोज भांडगे, माइकल ब्रेसवेल, वानिंदु हसरंगा, दिनेश कार्तिक, सिद्धार्थ कौल, महिपाल लोमरोर, ग्लेन मैक्सवेल, मोहम्मद सिराज, वेन पार्नेल, हर्षल पटेल, सुयश प्रभुदेसाई, राजन कुमार, शाहबाज अहमद, कर्ण शर्मा, हिमांशु शर्मा, सोनू यादव, विजयकुमार वैशाक और डेविड विली। दिल्ली कैपिटल्स= डेविड वार्नर (कप्तान), पृथ्वी साव, सरफराज खान, अमन हकीम खान, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, खलील अहमद, कुलदीप यादव, रोवमैन पॉवेल, रिले रोसौव, एनरिक नोर्किया, मुस्तफिजुर रहमान, चेतन सकारिया, मुकेश कुमार, फिल सॉल्ट, लुंगी एनगिडी, प्रवीण दुबे, ललित यादव, रिपल पटेल, विक्की ओस्तवाल, ईशांत शर्मा, मनीष पांडे, कमलेश नागरकोटी और यश धुल। समय मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

## मुंबई को हराकर जीत की राह पर लौटने उतरेगी चेन्नई सुपर किंग्स

**चेन्नई ,05मई 2023।** पिछले तीन मैच में महज एक अंक बना सकी चेन्नई सुपर किंग्स इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में शनिवार को मुंबई इंडियंस को हराकर जीत की राह पर लौटना चाहेगी हालांकि मुंबई के हौसले बुलंद है और यह उसका पसंदीदा मैदान भी है. पांच बार की चैम्पियन मुंबई ने एम ए चिदंबरम स्टेडियम पर पिछले दो मुकाबले जीते हैं. उसने 2019 में यहां चेन्नई को हराया और करीब चार साल बाद यहां चिर प्रतिद्वंद्वी चार बार की चैम्पियन टीम से खेलेंगे. महेंद्र सिंह धोनी की चेन्नई टीम का लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ पिछला मैच बारिश की भेंट हो गया जबकि उससे पहले दो मैचों में उसे पराजय का सामना करना पड़ा.




पंजाब किंग्स के खिलाफ 30 अप्रैल को आखिरी गेंद पर पराजय का सामना करने वाली चेन्नई को उम्मीद है कि इस बार वह अपने दर्शकों को निराश नहीं करेगी. डेवोन कोंवे (414 रन) और रूतुराज गायकवाड़ (354 रन) ने टीम को अच्छी शुरूआत दी है लेकिन मध्यक्रम उसका फायदा नहीं उठा सका. अनुभवी अजिंक्य रहाणे और युवा शिवम दुबे ने रन बनाये हैं लेकिन अंबाती रायुडू और मोईन अली का बल्ला कमोबेश खामोश ही रहा है. बल्लेबाजी क्रम में काफी नीचे उतर रहे धोनी ने कुछ अच्छे शॉट खेले हैं लेकिन उनके प्रशंसक इस बात पर हैरान हैं कि वह खराब फॉर्म से जूझ रहे रायुडू और रविंद्र जडेजा को अपने से पहले बल्लेबाजी के लिये क्यो भेज रहे हैं. चेन्नई ने रहाणे की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पहले मैच में मुंबई को हराया था और रहाणे एक बार फिर उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे.

दीपक चाहर की वापसी से गेंदबाजी मजबूत हुई है लेकिन तुषार देशपांडे (17 विकेट, इकॉनामी रेट 12.11) ने काफी रन दिये हैं. जडेजा ने गेंदबाजी अच्छी की है लेकिन बल्ले से कोई कमाल नहीं कर सके. हरफनमौला मिशेल सेंटनेर को उतारने की बात हो रही है लेकिन देखना यह होगा कि वह मोईन या महीश तीक्षणा की जगह ले सकते हैं या नहीं. उधर धीमी शुरूआत के बाद मुंबई इंडियंस ने लय हासिल कर ली है और बड़े लक्ष्य का पीछा करने में कामयाब हो रही है. विरोधी बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने मे हालांकि गेंदबाजों के नाकाम रहने से कप्तान रोहित शर्मा की परेशानी बढी है. अनुभवी जोफ्रा आर्चर विकेट लेने में नाकाम रहे हैं. मुंबई टीम प्रबंधन सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन के फॉर्म में लौटने से खुश होगा. टिम डेविड और तिलक वर्मा ने फिनिशर की भूमिका बखूबी निभाई है.

## दुबई ग्लोबल चेस लीग के पहले सीजन की मेजबानी करेगा

**चेन्नई ,05मई 2023।** ग्लोबल चेस लीग (जीसीएल) का उद्घाटन संस्करण 21 जून से 2 जुलाई तक दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित किया जाएगा। जीसीएल, एफआईडीई (इंटरनेशनल चेस फेडरेशन) और टेक महिंद्रा के बीच एक संयुक्त उद्यम होगा। लीग के मेजबान भागीदार दुबई स्पोर्ट्स काउंसिल के सहयोग से आयोजित किया गया। पहले सीज़न में छह टीमें होंगी जिनमें से प्रत्येक में छह खिलाड़ी होंगे।



एफआईडीई के डिप्टी प्रेसिडेंट और लीग के मेंटर विश्वनाथन आनंद ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा दुबई एक्सपो के दौरान दुबई में आयोजित विश्व शतरंज चैंपियनशिप 2021 एक बड़ी सफलता थी। मेरा मानना है कि जीसीएल प्रशंसकों के अनुभव में एक नई शुरुआत करेगा। लीग का उद्देश्य स्थापित खिलाड़ियों और उभरती प्रतिभाओं को एक साथ खेलकर खेल में क्रांति लाना है।

## भारत और पाकिस्तान का मुकाबला नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा

**» बीसीसीआई जल्द कर सकता है ऐलान**

**नयी दिल्ली ,05मई 2023।** भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले क्रिकेट मुकाबलों को लेकर फैंस को काफी उत्साह रहता है। दोनों देशों के बीच मुकाबले काफी कम होते हैं मगर इन मुकाबलों को लेकर फैंस में भारी उत्साह देखने को मिलता है। भारत और पाकिस्तान के बीच इस बार मुकाबला विश्व कप के दौरान देखने को मिलेगा, जिसमें 50 ओवर का मुकाबला खेला जाएगा।

इस वर्ष अक्टूबर नवंबर में आयोजित होने वाले विश्व कप के दौरान भारत में ये मुकाबला खेला जाना है। माना जा रहा है कि ये हाईवोल्टेज ड्रामे से भरपूर मुकाबला गुजरात के अहमदाबाद स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। हालांकि इसकी अब तक आधिकारिक पुष्टी नहीं हो सकी है। भारत और पाकिस्तान के मुकाबलों को देखने के लिए फैंस में अलग ही उत्साह और क्रेज देखने को मिलता है। वहीं भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने देश के सबसे बड़े स्टेडियम में इस मैच को आयोजित करने का फैसला किया है।




बता दें कि भारत में वर्ष 2016 के बाद से अब तक दोनों टीमों के बीच मुकाबला नहीं खेला गया है। दोनों ही टीमें लंबे अर्से के बाद भारत में मैच खेलेंगी। ये भी संभावना जताई गई है कि पाकिस्तान की टीम के अधिकतर मुकाबले बेंगलुरु और चेन्नई में होंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुकाबिक बीसीसीआई ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इस मैच को आयोजित किए जाने का निर्णय किया है। बता दें कि ये देश का सबसे बड़ा स्टेडियम है जिसमें 1 लाख लोगों के बैठने की क्षमता है।

माना जा रहा है बीसीसीआई इस वर्ष भारत में आयोजित होने वाले विश्व कप आयोजन के शेड्यूल का ऐलान शानदार अंदाज में करेगा। संभावना है कि विश्व कप 2023 का आयोजन इस वर्ष 5 अक्टूबर से किया जा सकेगा। माना जा रहा है कि विश्व कप के मुकाबलों का आयोजन देश के 12 शहरों में किया जाएगा जिसमें दिल्ली, लखनऊ, हैदराबाद, गुवाहाटी, कोलकाता, राजकोट, इंदौर, धर्मशाला, नागपुर, बेंगलुरु, त्रिवेंद्रम और मुंबई शामिल है। इस शहरों के मैदानों पर प्रैक्टिस मुकाबले खेले जाएंगे।

## स्टिमक ने इंटरकांटिनेंटल से पहले राष्ट्रीय शिविर के लिये 41 खिलाड़ियों को चुना

**नयी दिल्ली ,05मई 2023।** भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने जून में भुवनेश्वर में होने वाले इंटरकांटिनेंटल कप से पहले राष्ट्रीय शिविर के लिये बृहस्पतिवार को 41 खिलाड़ियों को चुना। शिविर 15 मई से भुवनेश्वर में शुरू होगा।



फीफा रैंकिंग में 101वें स्थान पर काबिज भारत का सामना लेबनान (99), वानुआतू (164) और मंगोलिया (183) से होगा। इसके बाद टीम बेंगलुरू में जून जुलाई में सैफ चैम्पियनशिप खेलेगी।

संभावित खिलाड़ी = गोलकीपर = विशाल कैथ, गुरप्रीत सिंह संधू, पी लाचेंपा तेम्पा, अमरिंदर सिंह डिफेंडर शुभाशीष बोस, प्रितम कोताल, आशीष राय, ग्लेन मार्टिंस, संदेश झिंगन, एन रोशन सिंह, अनवर अली, आकाश मिश्रा, चिंगलेनसना कोंशाम, मेहताब सिंह, राहुल भेके, नरेंदर मिडफील्डर लिस्टन कोलासो, आशिक कुरूनियन, सुरेश सिंह वांगजाम, रोहित कुमार, उदांता सिंह, अनिरूद्ध थापा, एन महेश सिंह, निखिल पुजारी, यासिर मोहम्मद, रित्विक दास, जैकसन सिंह, सहाल अब्दुल समद, राहुल केपी, लालेंगमाविया राल्टे, एल छांगटे, बिपिन सिंह, रोलिन बोर्गेस, विक्रम प्रताप सिंह, नंद कुमार, जैरी एम फॉरवर्ड मनवीर सिंह, सुनील छेत्री, शिवशक्ति नारायणन, रहीम अली, ईशान पंडिता।

## महावीर सिंह फोगाट ने सभी पदक लौटाने की धमकी दी

**» तो खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने दिया बड़ा आश्वासन**

**नयी दिल्ली,05मई 2023।** प्रदर्शनकारी पहलवानों का मुद्दा राजनीतिक रूप से और गर्माता जा रहा है। इस बीच, जंतर मंतर पर बैठे प्रदर्शनकारियों के समर्थन में आये द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच महावीर सिंह फोगाट ने भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग करते हुए धमकी दी है कि इंसाफ नहीं मिलने पर वह अपने पदक वापिस कर देंगे। उल्लेखनीय है कि ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया, विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता विनेश फोगाट समेत पहलवान 23 अप्रैल से दिल्ली में धरने पर बैठे हैं। वे सात पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं। महावीर फोगाट ने कहा कि अगर इस मामले में इंसाफ नहीं मिला तो मैं अपने





पदक वापिस कर दूंगा।'' उन्होंने कहा कि उस पर जिस तरह के आरोप हैं, उसके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिये और उसे गिरफ्तार किया जाना चाहिये।'' तीन साल पहले भाजपा से जुड़े महावीर फोगाट से पूछा गया कि क्या उन्होंने सरकार से बात की है या पार्टी के स्तर पर मसला उठाया है, उन्होंने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं हुई है।'' हम आपको यह भी बता दें कि प्रदर्शनकारी पहलवानों ने भी पद्मश्री समेत अपने पदक और पुरस्कार लौटाने की धमकी दी है। इस बीच, हरियाणा में कई खापों ने भी प्रदर्शनकारी पहलवानों का समर्थन किया है। हिसार, भिवानी, जिंद और रोहतक में कई खाप ने पहलवानों के समर्थन में प्रदर्शन किये हैं। हम आपको यह भी बता दें कि महावीर फोगाट पहलवान गीता और बबीता फोगाट के पिता और विनेश के चाचा हैं।

### अनुराग ठाकुर की प्रतिक्रिया

दूसरी ओर, खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि दिल्ली में धरने पर बैठे पहलवानों की सारी मांगें मान ली गई हैं और उन्हें दिल्ली पुलिस को निष्पक्ष जांच पूरी करने देना चाहिये। अनुराग ठाकुर ने पत्रकारों से कहा कि मैं प्रदर्शन कर रहे सभी खिलाड़ियों से अनुरोध करता हूं कि उनकी मांगें मान ली गई हैं। अदालत ने भी निर्देश दे दिये हैं और उन्हें निष्पक्ष जांच पूरी होने देना चाहिये।'' उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस दूध का दूध और पानी का पानी कर देगी और कानून के तहत कड़ी कार्रवाई की जायेगी।''

## वनडे विश्व कप से पहले दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा ऑस्ट्रेलिया

**जोहानसबर्ग ,05मई 2023।** क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने शुक्रवार को घोषणा की कि ऑस्ट्रेलिया भारत में अक्टूबर-नवम्बर में होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारी के लिए 30 अगस्त से 17 सितम्बर तक दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा और इस दौरान वह तीन टी20 और पांच वनडे खेलेगा।

डरबन स्थित किंग्समीड स्टेडियम 30 अगस्त, एक और तीन सितम्बर को सभी तीन टी20 की मेजबानी करेगा। इस वर्ष के शुरू में आरोन फिंच के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद ऑस्ट्रेलिया नए कप्तान के नेतृत्व में इस सीरीज में उतरेगा।

पांच मैचों की वनडे सीरीज सात और नौ सितम्बर को ब्लोमफोंटेन में मांगोंग ओवल में शुरू होगी। तीसरा वनडे 12 सितम्बर को जेबी मार्क्स ओवल में खेला जाएगा।

दोनों टीमें फिर 15 सितम्बर को चौथे वनडे के लिए सुपरस्पोर्ट पार्क प्रस्थान करेंगी। सीरीज का आखिरी मैच 17 सितम्बर को वांडर्स स्टेडियम में खेला जाएगा।दक्षिण अफ्रीका 2020 के बाद से पहली बार ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगा जब मेजबान टीम ने टी20 सीरीज में 2-1 की हार के बाद वापसी करते हुए वनडे सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया था। दक्षिण अफ्रीका पिछले वर्ष जनवरी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज से हटने के कारण वनडे विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई नहीं कर पाया है।उसका सीधा क्वालिफिकेशन अगले सप्ताह आयरलैंड के बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज का एक भी मैच हारने पर निर्भर करेगा।

## छत्रपति के हिंदी रीमेक का दमदार ट्रेलर जारी

आरआरआर के निर्देशक एसएस राजामौली दुनिया भर में नाम और काम का लोहा मनवा चुके हैं। अब तक उनकी हर फिल्म को जबरदस्त प्यार मिला है। ऐसे में अब उनकी एक और तेलुगु ब्लॉकबस्टर छत्रपति के ऑफिशियल हिंदी रीमेक का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ट्रेलर को देखते ही सोशल मीडिया पर इसका खुमार हर तरफ छाया नजर आ रहा है। ये फिल्म 12 मई 2023 को पूरे भारत में रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म छत्रपति का ट्रेलर कुछ देर पहले ही सामने आया है। ट्रेलर लॉन्च से पहले श्रीनिवास ने अपने फैंस से मुलाकात की और फिर उनके सामने बरेली के बाजार सॉन्ग पर दमदार परफॉर्मेंस दी। बता दें कि इस फिल्म का ये गाना पहले ही लोगों की फेवरेट लिस्ट में जगह बना चुका है। पेन स्टूडियोज के डॉ. जयंतीलाल गढ़ा द्वारा निर्मित, इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को हाई-ऑक्टेन एक्शन के साथ एंटरटेनमेंट की डबल डोज देता है।




फिल्म में नुसरत भरुचा और श्रीनिवास बेलमकोंडा की केमिस्ट्री के साथ एक और शख्स सबका ध्यान खींच रहा है। फिल्म में बाहुबली में लीड किरदार को हिंदी आवाज देने वाले अभिनेता शरद केलकर भी काफी दमदार अंदाज में नजर आ रहे हैं। यह फिल्म एस.एस. राजामौली द्वारा बनाई गई इसी सेम नाम की फिल्म की ऑफिशियल रीमेक है, जिसमें प्रभास नजर आए थे। यह फिल्म 12 मई 2023 को देश भर में रिलीज होगी। आपको बता दें कि इस फिल्म से तेलुगु स्टार श्रीनिवास बेलमकोंडा बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन वीवी विनायक ने किया है। फिल्म को काफी बड़े स्केल पर बनाया गया है और इसे एसएस राजामौली के पिता और अनुभवी लेखक वी. विजयेंद्र प्रसाद ने लिखा है। गौरतलब है कि वी. विजयेंद्र प्रसाद ने आरआरआर, बाहुबली 1 व 2 और बजरंगी भाईजान जैसी देश की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में काम किया है।

## रेड आउटफिट में अप्सरा सी नजर आईं मोनालिसा



भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा अपनी ग्लैमरस अदाओं से सोशल मीडिया का पारा हाई किए रहती हैं। उनकी लेटेस्ट तस्वीरें फैंस के दिलों को बेताब किए रहती है। वहीं, रेड आउटफिट में एक्ट्रेस मोनालिसा अपने हुस्न का जलवा बिखेरती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस मोनालिसा ने गोल्डन वर्क के साथ रेड आउटफिट में साड़ी स्टाइल की आउटफिट कैरी कर रखी है। ओपन हेयर स्टाइल और गोल्डन ज्वैलरी में एक्ट्रेस मोनालिसा बेहद ही खूबसूरत लग रही हैं। एक्ट्रेस मोनालिसा ने इस आउटफिट के साथ हैवी मेकअप कर रखा है। इस आउटफिट में एक्ट्रेस की तस्वीरें सोशल मीडिया पर धमाल मचा रही हैं। एक्ट्रेस मोनालिसा इन दिनों भोजपुरी इंडस्ट्री से दूरी बनाए हुए हैं। लेकिन, उनकी फैन फॉलोइंग में कोई कमी नहीं है। मोनालिसा बोल्ड और बिकिनी तस्वीरें शेयर करने में बिल्कुल नहीं झिझकती हैं। फैंस को उनका यही बोल्ड अंदाज काफी पसंद है। मोनालिसा का असल नाम अंतरा बिश्वास है। फिल्मी दुनिया में कदम रखने के बाद अंतरा मोनालिसा बन गईं। साथ ही वो कोलकाता की रहने वाली हैं। सोशल मीडिया पर फैंस उनकी तस्वीर और वीडियोज का बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं। एक्ट्रेस के इंस्टाग्राम पर भी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है।

## निर्देशक आनंद रंगा की व्यवस्था एक युवा वकील के संघर्ष की कहानी

तेलुगू निर्देशक आनंद रंगा ने कार्तिक रत्नम, संपत राज, हेबाह पटेल, कामना जेटमलानी, सुकुरथा वागले, शिवानी, सुजीत कुमार रेड्डी, राजा अशोक और गुरुराज अभिनीत अपनी वेब सीरीज व्यवस्था के बारे में बात की।8-एपिसोड का कोर्ट रूम ड्रामा दो वकीलों की कहानी है, एक सत्ता का भूखा वकील चक्रवर्ती है और दूसरा एक दलित वामसी है। अपनी हकलाने की समस्या के कारण वामसी को कानून का अभ्यास करने में कोई दिलचस्पी नहीं है, लेकिन जब उसकी पूर्व प्रेमिका पर हत्या का आरोप लगाया जाता है, तो वह मामले को उठाने का फैसला करता है। कोर्टरूम में वे यह निर्धारित करने के लिए बहस करते हैं कि क्या यामिनी (हेब्बा पटेल द्वारा अभिनीत) ने अपने पति की हत्या की थी। वेब सीरीज के बारे में बात करते हुए, निर्देशक आनंद ने कहाः कहानी आपको एक युवा लॉ ग्रेजुएट के जीवन के माध्यम से ले जाती है, जो एक शक्तिशाली वकील के खिलाफ मामला उठाता है, और इस प्रक्रिया में बहुत सारी चुनौतियों और असफलताओं का सामना करता है।



CMYK

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की बड़ी कार्यवाही

# 28 न्यायिक अधिकारियों का किया तबादला



» सिविल जज सहित जिला न्यायाधीश भी शामिल

बिलासपुर,05 मई 2023(ए)। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने आदेश जारी कर न्यायिक सेवा से जुड़े 28 अधिकारियों का ट्रांसफर किया है। इसमें बेमेतरा के जिला एवं सत्र न्यायाधीश के साथ ही रायपुर के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समेत सिविल जज भी शामिल हैं। जारी आदेश में रायपुर जिला के प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीस बृजेन्द्र कुमार शास्त्री को बेमेतरा का जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। वहां के जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयदीप विजय निमोनकर को रामानुजगंज भेजा गया है। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने इस आशय के आदेश जारी किए हैं।

हाईकोर्ट द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, सीमा कंवर तृतीय सिविल जज वर्ग एक को जगदलपुर से जांजगीर, मंजूलता सिन्हा प्रथम अतिरिक्त जज सिविल जज वर्ग एक को रायगढ़ से बलौदाबाजार, दीप्ति सिंह गौर तृतीय सिविल जज वर्ग एक को कवर्धा से चिरमिरी, शिव प्रकाश त्रिपाठी सिविल जज वर्ग एक को जांजगीर चांपा से कोंडागांव, आस्था यादव सिविल जज वर्ग एक को बालोद से मनेंद्रगढ़, भूपेश कुमार बसंत सिविल जज एक को कोंडागांव से रायपुर, अनिता काशिमा रावेट अतिरिक्त जज कोर्ट एक सिविल जज वर्ग दो को राजनादगांव से बेमेतरा स्थानांतरित किया गया है। हर्षिता अग्रवाल सिविल जज वर्ग दो को बिलासपुर से राजनादगांव, ध्रुवराज गवेल सिविल जज वर्ग दो को रायपुर से सारंगढ़, अविनाश टोप्पो सिविल जज वर्ग दो को राजिम से बागबहरा, अविनाश कुमार दुबे सिविल जज वर्ग दो को दंतेवाड़ा से बचेली, आरती ठाकुर सिविल जज वर्ग दो को रायपुर से नवागढ़ जांजगीर चांपा, आकांक्षा ठाकुर सिविल जज वर्ग दो को रायपुर से धमधा, कामिनी वर्मा सिविल जज वर्ग दो को बेमेतरा से बगीचा जशपुर, स्वर्णलता ओम यादव सिविल जज वर्ग दो को बलौदाबाजार भाटापारा से रायपुर, सचिन पाल टोप्पो सिविल वर्ग दो को बगीचा से राजिम, श्वेता गोस्वामी सिविल जज वर्ग दो को अंबिकापुर से बिलासपुर, प्रशांत कुमार देवांगन सिविल जज वर्ग दो को रायगढ़ सारंगढ़ से गरियाबंद, प्रीति सिविल जज वर्ग दो को गरियाबंद से रायगढ़, अंकिता अग्रवाल सिविल जज वर्ग दो को रायगढ़ से भाटापारा ट्रांसफर किया गया है।

## रामकृष्ण हास्पिटल में ऑर्बिटल एथेरेक्टॉमी तकनीक से एंजियोप्लास्टी के जटिल केस का सफल इलाज

**कमजोर और अधिक उम्र के बुजुर्गों में कई रुकावटों के साथ उच्च जोखिम वाले मामलों पर अक्सर बायपास सर्जरी जैसी बड़ी सर्जरी कर पाना अनुपयुक्त**

रायपुर,05 मई 2023(ए)। अपनी उच्च चिकित्सकीय सेवाओं के लिए प्रतिबद्ध रामकृष्ण केयर हास्पिटल (आरकेसीएच) रायपुर में अनुभवी डॉक्टरों की एक टीम ने एंजियोप्लास्टी के एक जटिल मामले का समाधान सफ लतापूर्वक इलाज के साथ पूरा किया है।

इस प्रक्रिया में ऑर्बिटल एथेरेक्टॉमी नामक एक नई तकनीक का उपयोग शामिल किया गया और छत्तीसगढ़ में ऑर्बिटल एथेरेक्टॉमी का उपयोग करने वाला यह पहला मामला हैं। मरीज पूरी तरह से स्वस्थ है और जल्द ही उसे छुट्टी दी जा रही है।

72 साल के एक मरीज को सीने में दर्द और कार्य करने पर सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। मरीज व परिजनो ने रामकृष्ण केयर हास्पिटल(आरकेसीएच) में संपर्क करते हुए चिकित्सकीय परामर्श किया, डाक्टरों ने एंजियोग्राफी करने पर पाया कि दिल की रक्त वाहिकाओं में कई रुकावटें थीं जिन्हें कोरोनरी कहा जाता है।

मरीज की स्थिति भी गंभीर थी और ओपन हार्ट सर्जरी करना मतलब उच्च जोखिम वाला काम था। डॉ जावेद अली खान, डॉ शैलेष शर्मा और डॉ जावेद परवेज के नेतृत्व में हृदय रोग विशेषज्ञों की एक टीम ने मरीज पर उच्च तकनीक वाली प्रक्रिया अपनाने का फैसला किया।

डॉ जावेद ने मीडिया को बताया कि मरीज के दिल की रक्त वाहिकाओं में बहुत अधिक कैल्शियम था, कई रुकावटों ने उनकी स्थिति को गंभीर और चिकित्सकीय टीम के लिए चुनौतीपूर्ण बना दिया। तब ऐसी स्थिति में ऑर्बिटल एथेरेक्टॉमी के उपयोग से कैल्शियम के इलाज और रुकावटों को दूर करने में मदद मिली। मरीज की सेहत में काफी तेजी से सुधार हो रहा है और 2 दिनों में उसे छुट्टी दे दी जाएगी।



इस तकनीक के बिना उक्त मरीज का इलाज करना असंभव था। कमजोर और अधिक उम्र के बुजुर्गों में कई रुकावटों के साथ उच्च जोखिम वाले मामलों पर अक्सर बायपास सर्जरी जैसी बड़ी सर्जरी कर पाना अनुपयुक्त होता हैं। चिकित्सा उपचार के बावजूद सीने में दर्द और सांस लेने में कठिनाई वाले मरीजों का उपचार के लिए इस मौजूदा तकनीक का उपयोग किया जा सकता है। यह ऐसे सभी मामलों में कोरोनरी एंजियोप्लास्टी को सुरक्षित और आसान बनाने वाले रक्त वाहिकाओं से कैल्शियम को हटाने में मदद करता है।

आरकेसीएच के प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप दवे ने डॉक्टरों की टीम को बधाई दी और मीडिया को बताया कि इस तरह के हाई रिस्क केसेस हास्पिटल में नियमित रूप से सफलतापूर्वक किए जाते हैं। टीम किसी भी चुनौतीपूर्ण स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है और छत्तीसगढ़ के लोगों को गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह राज्य में ऑर्बिटल एथेरेक्टॉमी का उपयोग करने वाला पहला मामला है।

## छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सरकारी नौकरी में भर्ती का सिलसिला लगातार आदेश जारी

» शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण अधिकारी के 366 पदों के लिए विज्ञापन जारी

» 8 मई से शुरू होगा ऑनलाईन आवेदन



रायपुर, 05 मई 2023। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश में सरकारी नौकरी में भर्तियों का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में आज रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग की ओर से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण अधिकारी के 366 रिक्त पदों के लिए छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल के माध्यम से इन पदों पर भर्ती की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 8 मई को सुबह 10 बजे शुरू होगी। गौरतलब है कि माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा भर्ती के संबंध में उच्च अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए है। जिसके बाद विभागों द्वारा भर्ती की प्रक्रिया तेजी से जारी है। विभाग की ओर से जारी विज्ञापन के अनुसार इंफारमेंशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नॉलाजी सिस्टम मेंटेनेंस के 01, इलेक्ट्रिशियन के 51, कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट के 86, कारपेंटर के 02, टर्नर के 06, ड्राईवर कम मैकेनिक के 06, ड्राफ्ट्समेन मैकेनिकल के 01, फिटर के 48, मशीनिष्ट के 04, मशीनिष्ट ग्राइंडर के 01, मेसन (बिल्डिंग कंस्ट्रक्टर) के 01, मैकेनिक ट्रैक्टर के 02, मैकेनिक डीजल के 32, मैकेनिक मोटर व्हीकल के 05, मैकेनिक रेफ्रिजेरेशन एंड एयर कंडीशनर के 02, वर्कशॉप कैल्युलेशन एवं इंजीनियरिंग ड्रॉइंग के 72, वायरमैन के 02, वेल्डर के 30, शीट मेटल वर्कर के 01, सेक्रेटेरियल प्रेक्टिस (अंग्रेजी) के 02, सिविंग टेक्नॉलाजी के 06, हॉस्पिटल हाउस कीपिंग के 02 और एम्लायबिलिटी स्किल के 03 को मिलाकर कुल 366 पदों पर भर्ती की जानी है।

विज्ञापित पदों की आवश्यक अर्हताएं, शैक्षणिक अनुभव, आयु सीमा, निर्देश, परीक्षा योजना, चयन प्रक्रिया, पाठ्यक्रम एवं पदों का आरक्षण आदि का विस्तृत विवरण तथा अन्य महत्वपूर्ण निर्देशों की जानकारी एचटीटीपी//व्यापम.सीजीस्टेट.जीओव्ही.आईएन पर विस्तृत विज्ञापन में देखे जा सकते हैं। रिक्त पदों की संख्या तथा ट्रेड एवं विषय में परिवर्तन किया जा सकता है। प्रतियोगी परीक्षा की तिथि व्यापम द्वारा पृथके से जारी की जाएगी। आवेदन पत्र व्यापम के वेबसाइट पर 8 मई को सुबह 10 बजे से भरे जा सकेंगे।



## छग का सबसे बड़ा समाज है आदिवासी समाज : नंदकुमार साय

रायपुर ,05 मई 2023(ए)। बीजेपी से कांग्रेस में आए नेता नंदकुमार साय का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि सर्व आदिवासी समाज विस चुनाव लड़ेगी। आदिवासी समाज छग का सबसे बड़ा समाज है। यह राजनीतिक दलों के लिए बड़ा विषय है। सर्व आदिवासी समाज की सक्रियता भी देखनी होगी। चुनाव लड़ सकते हैं रिजल्ट लगाना कठिन है।विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर साय ने कहा था कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव लड़ना चाहता हूं. मेरा गृह क्षेत्र कुनकुरी है, लेकिन आलाकमान का निर्णय मुझे स्वीकार होगा. जनता की सेवा करना मेरा उद्देश्य है. छत्तीसगढ़ के जिस कोने से कहेंगे चुनावी मैदान पर उतर जाऊंगा. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में जनजातीय समाज के लोगों से कांग्रेस के पक्ष में वोटिंग करने की अपील करूंगा. आदिवासी सीटों पर जाकर जनता से अपील करूंगा. छत्तीसगढ़ में पुनः कांग्रेस सरकार बनाने वाली है.

## छत्तीसगढ़ में डाक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ समेत इन पदों पर निकली भर्ती

» 58 प्रतिशत आरक्षण का मिलेगा लाभ

रायपुर ,05 मई 2023(ए)। छत्तीसगढ़ में लंबे समय से आरक्षण के फैसले का इंतजार था, जो अब खत्म हो गया है। इस फैसले के बाद राज्य सरकार ने भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। राज्य सरकार ने कहा है कि जल्द से जल्द भर्ती और प्रमोशन का नोटिफिकेशन जारी किया जाए। इसी कड़ी में बहुत से पदों के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है। बता दें कि 12400 से अधिक पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया जा चुका है। मेडिकल फील्ड से जुड़े युवाओं के लिए डाक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ के 3500 पद, होम गार्ड के भी 1600 पद आने वाले हैं। पुलिस सब इंस्पेक्टर के 1000 पदों पर भी भर्ती होनी है। वेटनरी फील्ड ऑफिसर के 150 पद है। बी.ईडी और डी.ईडी पास युवा जो शिक्षक बनना चाहते हैं, वो इस पद के लिए योग्य होंगे। वहीं सहायक प्राध्यापक और प्राध्यापक के भी 1800 पद स्वीकृत हैं।

वहीं, मत्स्य निरीक्षक के 150 पद, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड में 40 पद तथा स्नातक पास युवाओं के लिए विभिन्न विभाग में संयुक्त भर्ती परीक्षा के आधार पर 200 पदों पर भर्ती की जाएगी। वनरक्षक के 600, वन परिक्षेत्र अधिकारी के 70 पद, आयुष विभाग में 1431, महिला एवं बाल विकास विभाग में पर्यवेक्षक के 300 पद आने है, पीएससी के 210 पद ,व्यवहार नयायाधीश के 48 पद व अन्य विभागों में 1500 पदों पर भर्ती का प्रस्ताव है। वहीं, करीब 500 से अधिक पद पटवारी के भी प्रस्तावित हैं।




बता दें कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने वाले है इसलिए सभी भर्ती कि प्रक्रिया 6 महीने के अंदर में ही पूरी कर ली जाएगी। व्यापम और सीजीपीएससी के पद पहले से सृजित है, अन्य विभागों ने भी अपने प्रस्ताव बना रखे है। आरक्षण विवाद में देरी की स्थिति में बिना आरक्षण रोस्टर के ही पदों का विज्ञापन देखने को मिल सकता है। वहीं आरक्षण की स्थिति साफ होते ही पदों का वर्गवार विभाजन किया जाएगा।

## चंदेल ने सीएम बघेल को लिखा पत्र

» बेमौसम बारिश से फसलों को हुआ काफी नुकसान, की किसानों लिए की मुआवजे की मांग

रायपुर ,05 मई 2023(ए)। छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र लिखा है। उन्होंने बेमौसम बरसात की वजह से किसानों को हुए नुकसान को लेकर मुआवजे की मांग की है।



नेता प्रतिपक्ष ने अपने पत्र को लेकर कहा- असमय आंधी और बरसात के कारण प्रदेश की रबी फ सल के साथ सब्जी और फ ल की फ सल बर्बाद हुई है। इससे छत्तीसगढ़ के किसानों को बहुत नुकसान उठाना पड़ रहा है। लेकिन कांग्रेस सरकार ने नुकसान के सर्वे के लिए अभी पहल भी शुरू नहीं की है।

इसलिए हमने मुख्यमंत्री को जल्द प्रभावितों को मुआवजा देने के लिए पत्र लिखा है। चंदेल ने दावा किया है कि लाखों एकड़ में खड़ी धान की फ सल बर्बाद हुई है। बता दें कि पिछले लगभग पखवाड़ेभर से लगातार हो रही बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और वज्रपात से रबी और उद्यानिकी फ सलें तबाह हो गई है, और किसानों का समूचा अर्थतंत्र चरमरा गया है।

खासकर धान की फ सल की हालत तो यह है कि लगभग 40 प्रतिशत धान के दाने खेत में ही झड़ गए हैं। ग्रामीण कृषि कार्य बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। ऐसे में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने सीएम से तत्काल नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजा देने की मांग की है।

## तो क्या छत्तीसगढ़ की राजनीति में लौट रहे हैं रमेश बैस

रायपुर ,05 मई 2023(ए)। महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेशन बैस 4 दिवसीय प्रवास पर राजधानी रायपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ की राजनीति में लौटने की चर्चाओं को लेकर बड़ा बयान दिया है। उनका कहना है कि वह छत्तीसगढ़ की राजनीति में नहीं लौट रहे हैं। उनके बारे में गलत प्रचार किया जा रहा है। वहीं राज्यपाल बैस ने पूर्व सांसद नंदकुमार साय के कांग्रेस प्रवेश पर भी कुछ भी कहने से इंकार कर दिया। उन्होंने मीडिया से कहा कि वो सक्रिय राजनीति से अभी दूर हैं।



## कांग्रेस पार्टी को सद्बुद्धि देने भाजपाईयों ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

रायपुर ,05 मई 2023(ए)। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल के नेतृत्व में आज भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सद्बुद्धि प्रदान करने के लिए बूढ़ेश्वर हनुमान मंदिर, बूढ़ापारा रायपुर के समक्ष हनुमान पाठ किया। बृजमोहन अग्रवाल ने हनुमान जी के जयकारे लगाकर हनुमान चालीसा पाठ की शुरुआत की। देखते ही देखते सैकड़ों नागरिक भी हनुमान चालीसा पाठ आयोजन का हिस्सा बनते गए। सभी ने एक साथ हनुमान जी की स्तुति की। हनुमान चालीसा पाठ पश्चात पत्रकारों से चर्चा करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा बजरंग बली और बजरंग दल पर की जा रही अमर्यादित अशोभनीय टिप्पणी कर रहे है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी कर्नाटक के अपने घोषणापत्र में कहती है बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाया जाएगा और हमारे प्रदेश के



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बिना किसी वजह के बजरंग दल और प्रतिबंध की बात कहते हैं। असल में कांग्रेस का असली एजेंडा सनातन धर्म का विरोध है। इसीलिए सनातन धर्म का विरोध करने तरह-तरह के तरीके अपनाते हैं।बजरंग दल के बहाने यह बजरंगबली का विरोध कर रहे हैं क्योंकि बजरंग दल का कार्य धर्म की सेवा और रक्षा है। धर्मांतरण करने वालों को पैसे देने वाली कांग्रेस यह नहीं चाहती कि गलत नीतियों, उनकी धर्म विरोधी करतूतों का कोई विरोध करें। उन्होंने कहा कि हनुमान चालीसा पाठ के माध्यम से हमने हनुमान जी से प्रार्थना की है कि सनातन विरोधी नीतियों पर चल रही कांग्रेस कांग्रेस और मुख्यमंत्री भूपेश को सद्बुद्धि प्रदान करें।

साथ ही बृजमोहन ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से कहा कि वो जरा नक्सलियों को नियंत्रित कर ले। यहां की कानून व्यवस्था,माफियाओं को संभाल ले। रही बात बजरंग दल की तो बजरंगी हनुमान जी के भक्त हैं। सनातन धर्म के रक्षक और सेवक है। हनुमान जी के भक्तों पर हनुमान जी पर प्रतिबंध लगाने की जुर्रत न करें।



## नक्सलियों द्वारा प्लांट आईईडी बम किया बरामद

नारायणपुर ,05 मई 2023(ए)। जिले में एंटी नक्सल ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों ने आईईडी बरामद किया। बरामद की गई आईईडी को जवानों ने नष्ट कर दिया है। दरअसल, जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों ने जगह-जगह आईईडी प्लांट कर रखा है। अबूझमाड़ के कोडोली फुलमेटा के जंगल में डीआरजी और बीडीएस की टीम एंटी नक्सल ऑपरेशन पर निकली है। इस दौरान जवानों ने चार किलो का आईईडी बरामद किया और नष्ट किया। नारायणपुर एसपी पुष्कर शर्मा ने घटना की पुष्टि की। फिलहाल एंटी नक्सल ऑपरेशन जारी है।

## अरनपुर नक्सल घटना में पुलिस ने 4 लोगों को लिया हिरासत में

» संदिग्धों में नाबालिग भी शामिल

दंतेवाड़ा ,05 मई 2023(ए)। दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर में बीते 26 अप्रैल हुए नक्सल घटना के बाद पुलिस ने 4 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। जिनको हिरासत में लिया गया है उसमें एक नाबालिग भी शामिल है। पुलिस को आशंका है कि ये चारों नक्सलियों के दरभा डिवीजन कमेटी के सदस्य हैं। फिलहाल पुलिस इन सभी से पूछताछ कर रही है। इस मामले में पुलिस जल्द ही बड़ा खुलासा कर सकती है। उधर, गांव वालों का कहना है कि ये चारों गांव के ग्रामीण है। उनका उस घटना में कोई हाथ नहीं है। पुलिस जल्द ही इन्हें कोर्ट में पेश कर सकती है।सूत्र बता रहे हैं कि, आईईडी ब्लास्ट करने और घटनास्थल से कुछ मीटर की दूरी पर योजनाबद्ध तरीके से आम पंडुम के लिए नाका लगाने में इनकी भूमिका थी। जांच में पता चला है कि ये सभी संतरी ड्यूटी करना, सुरंग बनाना, आईईडी प्लांट करना, रास्ता काटना समेत अन्य कई तरह के काम नक्सलियों के लिए किया करते थे। पूछताछ के बाद ही सारे तथ्य सामने आएंगे। पुलिस जल्द ही इन्हें कोर्ट में पेश करेगी।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)